डाक पंजीयन नं. 99/2021-23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.aadhuniksamachar.com

PG-5

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया



आधुनिक समाचार



प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

PG-5

वर्ष -08 अंक -165 | प्रयागराज, मंगलवार,13 सितम्बर, 2022 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

संक्षिप्त समाचार

इमरान खान की पार्टी ने तकनीकी खराबी के कारण पूर्व पीएम के विमान की इमरजेंसी लैंडिंग की खबरों का किया खंडन

(आधुनिक समाचार सेवा)

इस्लामाबाद। पिछले दिनों पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान का विमान खराब मौसम के कारण उड़ान भरने के तुरंत बाद इस्लामाबाद लौट आया था। शनिवार को इमरान खान एक रैली को संबोधित करने के लिए गुजरांवाला जा रहे थे। इस दौरान ही विमान में कुछ खराबी आ गई थी। इस मामले को लेकर उनकी पार्टी के एक नेता ने कहा था कि तकनीकी खराबी के चलते पूर्व प्रधानमंत्री एक दुर्घटना के होने से

बच गए थे। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के नेता अजहर मशवानी ने मीडिया में दावा किया था कि 69 वर्षीय इमरान खान तकनीकी खराबी के चलते विमान दुर्घटना से बच गए थे। इमरान खान शनिवार को एक जनसभा को संबोधित करने गुजरांवाला शहर जा रहे थे। वहीं, अब मशवानी ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर लिखा कि विमान में किसी तकनीकी खराबी की रिपोर्ट गलत है। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष इमरान खान के विमान को खराब मौसम के कारण उड़ान भरने के तुरंत बाद इस्लामाबाद वापस लाया गया था।

कुणाल कामरा को मिला टीएमसी सांसद मोहुआ मोइत्रा का समर्थन गुरुग्राम में कार्यक्रम रद्द होने से जुड़ा है मामला

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। तृणमूल कांग्रेस सांसद मोहुआ मोइत्रा ने विश्व हिंदू परिषद को दी गई स्टैंड अप कामेडियन और हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाते हैं, जो काफी गलत है।इसके बाद गुस्से से तिलमिलाए कामरा ने विश्व हिंदू परिषद को खुली गर्व से जय श्री सीता-राम और जय राधा कृष्ण कहता हूं। अब अगर तुम सच में भारत की संतान हो तो गोडसे मुर्दाबाद लिखकर भेजो। नहीं

कुणाल कामरा की प्रतिक्रिया को देखते हुए उनकी सराहना की है। दरअसल, कामरा को गुरुग्राम के सेक्टर-29 में स्थित स्टूडियो एक्सओ बार में 17 और 18 सितंबर को परफार्म करना था। विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल ने इसे रद्द करवा दिया।मालूम हो कि इन दो संगठनों ने शुक्रवार को गुरुग्राम के डीसी निशांत कुमार यादव को ज्ञापन सौंपकर शो को रद्द करने की मांग की थी। इसमें कहा गया था कि कामरा अपने शो में हिंदू देवी-देवताओं का मजाक उड़ाते हैं चुनौती दे डाली और कहा कि सबूत के तौर पर उन्हें कोई ऐसा वीडियो क्लिप दिखाई जाए जिसमें वह हिंदू देवी-देवताओं का मजाक उड़ाते नजर आ रहे हो।इतना ही नहीं, कामरा ने ट्विटर पर एक पत्र को शेयर करते हुए ट्वीट किया, जिसमें उन्होंने विश्व हिंदू परिषद को भी टैग किया।इस पत्र में कामरा ने लिखा है, 'मेरे और भगवान के रिश?ते का वैसे तो कोई टेस्ट देना मैं जरूरी नहीं समझता। लेकिन फिर भी एक टेस्ट देकर मैं तुम्हारा टेस्ट ले लेता हूं। मैं जोर से और तो मैं समझूंगा कि तुम हिंदू विरोधी और आतंक समर्थक हो। कहीं तुम गोडसे को भगवान तो नहीं मानते अगर मानते हो तो आगे भी मेरा शो रद्द करवाते रहना। मुझे सिर्फ इस बात की खुशी रहेगी कि मै तुम्हारे से ज्यादा हिंदू होने का टेस्ट जीत गया।'कुणाल कामरा के इस कदम की महुआ ने सराहना की है। उन्होंने उनके पोस्ट को शेयर करते हुए इसके कैप्शन में लिखा है, बेहतरीन कुणाल।सिर्फ मोहुआ ही नहीं, बल्कि बॉलीवुड एक्ट्रेस स्वरा भास्कर ने भी इस पर कमेंट करते हुए कुणाल को 'हीरो' बताया है।

गाजा पट्टी में है एक रेस्त्रां जहां केवल महिलाओं को मिलती है एंट्री

(आधुनिक समाचार सेवा)

गाजा। गाजा में पुरुष प्रधान समाज है, ऐसी जगह पर एक रेस्त्रां खुला है जो केवल महिलाओं के लिए है। एक और खास बात यह है कि इस रेस्त्रां की मालकिन भी एक महिला ही है। दरअसल शेफ बनने का ख्वाब पूरा करने के लिए फलस्तीनी महिला ने देश में रेस्त्रां एडमिनिस्ट्रेशन ने रिजेक्ट कर दिया और कहा कि वे पुरुष शेफ चाहते हैं महिला नहीं।' रेस्त्रां की मालकिन रेहम हमूदा ने बताया कि इसकी शुरुआत करने के पीछे का कारण हमारी जरूरतें हैं। उन्होंने बताया, 'यहां महिलाओं को निजी क्षण और ऐसी किसी जगह की जरूरत थी जहां ये पूरी प्राइवेसी के साथ

की शुरुआत की जो केवल महिला समुदाय के लिए है। मजेदार बात यह है कि यहां काम करने वाली सभी स्टाफ केवल महिलाएं ही हैं। पिछले माह खुले इस रेस्त्रां में चिकन सैंडविच और पिज्जा जैसे हल्के नाश्ते मिल रहे हैं। आमना अल-हयाक नाम की शेफ को रेस्त्रां में ही ट्रेनिंग दी गई है जहां वे मुफ्त में काम कर रहीं हैं। हयाक ने न्यूज एजेंसी रायटर्स से बताया, 'नए शेफ की कई ओपनिंग्स थीं लेकिन कभी भी मौका नहीं मिला। जिंदगी का आनंद ले सकें, मौज-मस्ती कर सकें।' हमूदा ने आठ महिलाओं को नियुक्त किया जो अपने घर से भोजन तैयार कर लाती हैं। इससे अति आवश्यक इनकम की क्षतिपूर्ति हो रही है। बता दें कि देश में 50 फीसद के आस-पास बेरोजगारी है। हयाक ने कहा, 'हमने दुनिया को साबित कर दिया कि हम महिलाएं अकेले दम पर रेस्त्रां खोल सकतीं हैं और बिन किसी पुरुष साथी की मदद के सफलता भी हासिल कर सकते हैं।

कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा की मुश्किलें बढ़ीं

(आधुनिक समाचार सेवा)

बेंगलुरु। वरिष्ठ अधिवक्ता और आरटीआई कार्यकर्ता टी जे अब्राहम ने सोमवार को कहा कि वह पूर्व मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा के खिलाफ भ्रष्टाचार के एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय से संपर्क करेंगे। का निर्देश नहीं दे सकते हैं और शिकायतकर्ता को कानून के अनुसार अनुमेय प्रक्रिया के अनुसार उचित कार्यवाही शुरू करने की स्वतंत्रता सुरक्षित है।' अब्राहम ने यह भी कहा कि वह सीआरपीसी की धारा 156 (3) ए के तहत जांच का आदेश

अब्राहम ने येदियुरप्पा, उनके बेटे बी.वाई. विजयेंद्र, सहकारिता मंत्री एस.टी. सोमशेखर और छह अन्य के खिलाफ जांच की मांग करते हुए कर्नाटक विशेष न्यायालय में याचिका दायर की, जिसे सांसदों, विधायकों और उच्च न्यायालय के खिलाफ अपराधों की सुनवाई के लिए स्थापित किया गया है।विशेष अदालत ने अब्राहम की याचिका खारिज कर दी, जिसके बाद वे कर्नाटक उच्च न्यायालय में अपील के लिए गए थे, जिसने विशेष अदालत को मामले पर फिर से विचार करने का निर्देश दिया था। अब्राहम ने कहा, 'विशेष न्यायाधीश पीएमएलए के तहत अपराधों के लिए कार्यवाही देने के लिए विशेष अदालत को समझाने के बाद अपनी याचिका को बहाल करने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि इससे आरोपी व्यक्तियों- येदियुरप्पा, विजयेंद्र, शशिधर मराडी, संजय श्री, चंद्रकांता रामलिंगम, के. रवि और विरुपक्षप्पा यमकानामारादी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करना अनिवार्य होगा।अब्राहम ने कहा कि वह आने वाले सप्ताह में एक रिट याचिका के साथ उच्च न्यायालय का भी दरवाजा खटखटाएंगे, जिसमें मुख्य सचिव को आरोपी जी सी के खिलाफ लंबित मंजूरी के अनुरोध को निपटाने के लिए निर्देश देने की मांग की जाएगी।

संयुक्त राष्ट्र ने मास्को पर लगाया आरोप

(आधुनिक समाचार सेवा)

जेनेवा। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार

के कार्यवाहक उच्चायुक्त ने सोमवार को कहा कि रूस ने अब यूक्रेन में युद्ध के खिलाफ आवाज उठाने वाले लोगों को डराना शुरू कर दिया है। कार्यवाहक उच्चायुक्त नाडा अल नाशिफ ने कहा कि यूक्रेन में युद्ध के विरोध में आवाज उठाने वाले लोगों के खिलाफ धमकी, प्रतिबंधात्मक उपाय और प्रतिबंध जैसे कदम उठाए जा रहे हैं, जो संवैधानिक रूप से गारंटीकृत मौलिक स्वतंत्रता को कमजोर करते हैं।संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार के कार्यवाहक उच्चायुक्त ने जिनेवा में मानवाधिकार परिषद के उद्घाटन के अवसर पर कहा, 'रूसी संघ में यूक्रेन में युद्ध के विरोध में आवाज उठाने वाले लोगों के खिलाफ धमकी।

कांग्रेस ने ट्विटर पर शेयर की आर एस एस की जलती ड्रेस

भाजपा बोली- गांधी परिवार को आग से इतना प्यार क्यों

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा निकाल रहे हैं। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कांग्रेस ने आरएसएस को लेकर एक ऐसा ट्वीट किया है, जिस पर विवाद हो गया है। दरअसल, कांग्रेस ने अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट से आरएसएस की ड्रेस की एक फोटो शेयर की है। इस ड्रेस में आग लगी हुई दिखाया गया है कांग्रेस के इस ट्वीट पर विवाद शुरू हो गया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने इस मुद्दे पर प्रेस वार्ता की है। उन्होंने कांग्रेस से अपने ट्वीट को तुरंत डिलीट करने की मांग की है। पात्रा ने सवाल किया कि राहुल गांधी, उनके पूरे परिवार और कांग्रेस को आग से इतना प्यार क्यों है।पात्रा ने कहा कि सिखों के 1984 के नरसंहार के दौरान पंजाब जला था। सिखों को मौत के घाट उतारा गया था। संबित ने कहा कि इस फोटो को ट्वीट कर राहुल गांधी क्या आप देश में हिंसा चाहते हैं?

लोग एक दूसरे को आग लगा दें आप क्या चाहते हैं, लोग ऐसे लोगों को आग लगा दें जो आरएसएस और भाजपा की विचारधारा को मानते हैंसंबित ने कहा कि ये 'भारत जोड़ो आंदोलन' नहीं 'भारत तोड़ो आंदोलन', 'आग लगाओ आंदोलन' है। भाजपा बहुत जिम्मेदारी से ये कहती है भारतीय संविधान में हिंसा के लिए कोई स्थान नहीं है। कांग्रेस को इस ट्वीट को तुरंत डिलीट करना चाहिए।कांग्रेस के ट्वीट पर संघ नेता डॉ मनमोहन वैद्य ने भी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि वे लोगों को नफरत से जोड़ना चाहते हैं। उनके पिता-दादा ने संघ का बहुत तिरस्कार किया और अपनी पूरी ताकत के साथ संघ को रोकने का प्रयास किया। मगर संघ रुका नहीं, संघ लगातार बढ़ रहा है।वही, केंद्रीय मंत्री गिरीराज सिंह ने कहा कि कांग्रेस और राहुल गांधी 7 जन्म लेंगे तब भी आरएसएस की बराबरी नहीं कर पाएंगे। आरएसएस का एक-एक स्वयंसेवक भारत माता की वैभव के लिए जीता है। आरएसएस भारत के संस्कार और संस्कृति का ध्वज वाहक है। वे जितना जलेंगे संघ उतना ही सांस्कृतिक फैलाव करेगा।

चीन में भूकंप से मरने वालों की संख्या 93 हुई, 25 लोग अब भी हैं लापता

(आधुनिक समाचार सेवा)

बीजिंग। चीन के सिचुआन प्रांत में आए भूकंप से मरने वालों की संख्या बढ़कर 93 हो गई है। इसके साथ ही अब भी 25 लोग लापता हैं, संबंधित अधिकारी उनकी तलाश में जुटे हैं। पश्चिमी चीन में पिछले हफ्ते आए 6.8 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप ने यहां की इमारतों को हिला दिया था। सबसे ज्यादा नुकसान गान्जे तिब्बती स्वयात्त क्षेत्र में हुआ था। सरकारी सीसीटीवी ब्राडकास्टर के अनुसार, भारी बारिश से शव क्षत-विक्षत हो गए थे। अभी भी भूस्खलन का खतरा बना हुआ है। इसिलए स्थानीय निवासियों को सुरक्षित जगहों पर ले जाया गया है।भूकंप का असर सिचुआन की राजधानी चेंगदू में भी रहा, जहां के लोग पहले से ही कोविड के चलते सख्त प्रतिबंधों का सामना कर रहे हैं। उन्हें अपनी बिल्डिंग छोड़ने की इजाजत नहीं है। जून में भी आया था जोरदार भूकंप बता दें कि चीन के सिचुआन प्रांत में अक्सर भूकंप आते रहते हैं। जून में भी बहुत तेज भूकंप

आया था। उस दौरान 2.1 मिलियन की आबादी वाले सिचुआन की प्रांतीय राजधानी चेंगदू से लगभग 100 किलोमीटर पश्चिम में एक कम आबादी वाले क्षेत्र में 6.1 तीव्रता का भूकंप आया था। इसके कुछ ही देर बाद पास के एक काउंटी में 4.5 तीव्रता का दूसरा भूकंप आया था। इसके चलते चार लोगों की मौत हो गई थी।वहीं, हाल ही में चेंगदू की स्थानीय सरकार ने घोषणा की कि कुछ जिले जहां कोरोना का कोई नया मामला नहीं आया है, उन्हें सोमवार को फिर से खोलने की अनुमति दी जाएगी। हालांकि, इसके 2.1 करोड़ निवासियों में से अधिकांश लॉकडाउन के अधीन हैं। चीन में कोरोना को लेकर हैं कड़े प्रतिबंध बता दें कि चीन लॉकडाउन और बड़े पैमाने पर टेस्टिंग की अपनी कड़ी प्रणाली पर अड़ा हुआ है, जबकि बाकी दुनिया ने कोरोना के प्रतिबंधों में ढील दी है। हालांकि, चीन के कड़े प्रतिबंधों ने मौतों को कम किया है। लाखों लोगों को एक समय में हफ्तों या महीनों तक कोरोना के चलते अपने घरों में बंद रहे हैं।

तेलंगाना के सीएम चंद्रशेखर राव की पीएम मोदी से अपील

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। कांग्रेस के आरएसएस को लेकर किए गए विवादित ट्वीट पर भाजपा ने पलटवार किया है। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि राहुल गांधी उनके पूरे परिवार और कांग्रेस को आग से इतना बिल को वापस ले लीजिए। विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने दिल्ली में भारत में ब्रिटिश उच्चायुक्त एलेक्स एलिस के आवास पर महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के लिए शोक पुस्तक पर हस्ताक्षर किया। कांग्रेस के ट्वीट पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज

प्यार क्यों है। उन्होंने कहा कि ये भारत जोड़ो नहीं आग लगाओ आंदोलन है। वहीं, तेलंगाना के सीएम चंद्रशेखर राव ने पीएम मोदी से अपील की है। उन्होंने कहा कि आपने (पीएम मोदी) किसान विरोधी 3 कृषि कानून बनाए और उसे आपने वापस भी लिया। इसलिए गड़बड़ होने से पहले पावर रिफॉर्म सिंह ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और राहुल गांधी सात जन्म लेंगे तब भी ँएए की बराबरी नहीं कर पाएंगे। ँएए का एक-एक स्वयंसेवक भारत माता की वैभव के लिए जीता है। ँएए भारत के संस्कार और संस्कृति का ध्वज वाहक है। वे जितना जलेंगे संघ उतना ही सांस्कृतिक फैलाव करेगा।

जंग में रसद की अहमियत पर आर्मी चीफ का जोर, दिया रूस यूक्रेन संघर्ष का उदाहरण

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। भारत के आर्मी चीफ जनरल मनोज पांडे ने सोमवार को युद्ध के दौरान रसद यानि संसाधनों की अहमियत पर जोर दिया। उन्होंने रूस यूक्रेन के बीच जंग का जिक्र किया। इसका उदाहरण देते हुए आर्मी चीफ ने कहा कि संघर्ष के दौरान लाजिस्टिक्स महत्वपूर्ण है। रूस-यूक्रेन जंग में रसद की अहमियत फरवरी अंत से जारी रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध को लेकर उन्होंने कहा, 'जंग के कमजोर पड़ने के संकेत काफी कम हैं, देश की सुरक्षा के लिए चिंतित लोगों के लिए महत्वपूर्ण सीख है।' आर्मी चीफ ने यह भी कहा कि अमेरिका, ब्रिटेन, रूस और हाल में चीन ने तुरंत कदम उठाया और मुद्दे को तात्कालिक तौर पर अहमियत देते हुए असरदार संयुक्त मिलिट्री-सिविल स्ट्रक्चर को लागू किया।

यूक्रेन के विदेश मामलों के मंत्री दमित्रो कुलेबा ने ट्वीट कर कहा,' महीनों से हमारे एजेंडे में हथियार, हथियार, हथियार शामिल रहा है। मैं उन पार्टनरों का शुक्रगुजार हूं जिन्होंने हमारी मांग का जवाब दिया है, यूक्रेन में जंग के मैदान में मिली कामयाबी साझा प्रयास है।'रक्षा मंत्री ने कहा, 'डिफेंस सेक्टर में रसद की भूमिका भी काफी महत्वपूर्ण है। बीते कुछ दशकों में दुनिया आपस में इस तरह जुड़ गई है जैसी पहले कभी नहीं थी। इसमें भी रसद और इसकी आपूर्ति श्रृंखला की बड़ी भूमिका है।

बेंगलुरु में जलभराव को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज

(आधुनिक समाचार सेवा)

बेंगलुरु। पिछले दिनों बेंगलुरु में हुई भारी बारिश के चलते शहर में जगह-जगह जलभराव की स्थिति

पैदा हो गई। बेंगलुरू में जलभराव को लेकर अब राजनीतिक बयानबाजी भी तेज हो गई हैं। शहर के महादेवपुरा निर्वाचन क्षेत्र के आम आदमी पार्टी के अध्यक्ष ने भाजपा विधायक अरविंद लिंबावली को इस मुद्दे पर फटकार लगाई। आम आदमी पार्टी के नेता ने कहा कि भाजपा को राजकालुवे के विकास में अनियमितताओं सहित क्षेत्रों के जलमग्न होने का जवाब देना चाहिए। आप नेता अशोक मृत्युंजय ने फेसबुक लाइव पर बोलते हुए कहा कि 2020 में विधायक अरविंद लिंबावली ने 14.95 करोड़ रुपये के कई राजकालुवे कार्यों की शुरुआत की। इसके बावजूद केवल दो सालों में निर्वाचन क्षेत्र की कई सड़कें जलमग्न हो गई हैं और घरों में पानी घुस गया है। सवाल किसकी जेब का है। क्षेत्र में काम करने के लिए करोड़ों रुपये जारी किए गए थे। निर्वाचन क्षेत्र के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा है। लिंबावली को इसका जवाब देना होगा।

विद्युत समाधान दिवस उपकेंद्र में मनाया जा रहा है

(आधुनिक समाचार सेवा)
प्रयागराज। प्रयागराज करेली क्षेत्र अंतर्गत गौस नगर पावर हाउस में दिनांक 12 सितंबर से विद्युत समाधान दिवस का आयोजन किया

गया है शासन के निर्देश पर आयोजन 19 सितंबर तक चलने की उम्मीद है जिसमें विद्युत उपभोक्ता अपने समस्याओं का निस्तारण करा सकते हैं विद्युत उपभोक्ता अपना बकाया विद्युत बिलों का भुगतान प्राप्त करना एक संदेश शिकायतों का निस्तारण कनेक्शन लोड बढ़ाने या मीटर लगाने के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई सभी प्रकार के विद्युत परियोजनाओं कनेक्शन से संबंधित प्राप्त होने वाली शिकायतों समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जाना लो वोल्टेज जैसी समस्याओं के समाधान संभव है जले खराब मीटरों को बदलने के साथ-साथ पुराने मीटरों के स्थान पर नए मीटर स्थापित कराने का कारण विद्युत संबंधित समस्याओं से संबंधित सुझाव पर विचार समाधान हफ्ते के प्रत्येक दिन सुबह से सहायता शिविर के आयोजन संचालन की जिम्मेदारी स्थानीय अवर अभियंताओं की होगी एवं उपखंड स्तर पर उपखंड अधिकारी द्वारा अपने दिशानिर्देश में किया जाएगा।

जनता के हितों के कसौटी पर कसने का अवसर है आपकी जिम्मेदारी-डॉ वाचस्पति

(आधुनिक समाचार सेवा)
प्रयागराज। विधायक बारा डॉ.वाचस्पति ने जनता के समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतू भाजपा-अपनादल-निषाद पार्टी एमवी रूप के सुझाव पर विभागवार छःमाह के लिए क्षेत्रीय विधायक प्रतिनिधि की घोषणा करके अपने आप को जनता के हितों के कसौटी पर कसने का अवसर देते हुए कहा

जनता और अधिकारियों के नजर मे आपको उठाना मेरा मकसद है। डॉ वाचस्पति ने कहा मैं पाजि.टिव सोचता हूं आप भी पाजि.टिव सोचें। अगर जिम्मेदारियों से भटके या कुछ गलत हुआ तो नुकसान भी उठाना पड़ेगा, उसका भी एहसास रहे। जनता के बीच निणय्क लेकर जनता के हितों को प्राथमिकता के आधार पर कराऊंगा। अभी एक माह मे आप सभी प्रतिनिधियों को अपने आपको सिध्द करके दिखलाना होगा। साथ ही कैंसर किडनी से ग्रस्त मरीजों को मेरे पास भेजे जिससे मुख्यमंत्री कोष से तत्काल राहत मिल सके कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष जसरा जगत नारायण शुक्ला ने किया। इस अवसर पर भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी, विधायक प्रतिनिधि उमेश शुक्ला,मंडल अध्यक्ष कौंधियारा शिवप्रसाद केसरवानी, लालापुर बंदना सिंह, शंकरगढ कुलदीप सिंह पटेल,नारीबारी अंजनी लाल,अपनादल गोकुल प्रसाद, फूलचंद पटेल, निषाद पार्टी श्यामू निषाद एमवी रूप से डॉ अर्जुन कुशवाहा आदि ने नवनियुक्त विधायक प्रतिनिधियों को सम्बोधित कर जिम्मेदारियों का एहसास कराया। इस अवसर पर प्रमुख विधायक प्रतिनिधि नीरज केसरवानी,कुशल जैन,अर्जुन कुशवाहा,अशीष सोनकर,राम केसरवानी,दीपचंद्र मोदनवाल, आलोक पाठक, होरी लाल, हेमराज सहित सैकडों लोग मौजूद रहें।

रोजगार मेले में होगा सिक्योरिटी गार्ड का चयन

(आधुनिक समाचार सेवा)
प्रतापगढ़। जिला सेवायोजन अधिकारी विजय बहादुर सिंह सेंगर ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय प्रतापगढ़ परिसर में दिनांक 14 सितम्बर से 16 सितम्बर तक त्रिद्विवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया है जिसमें निजी क्षेत्र की कम्पनी जी4एस सेक्यूर सलुशन इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा पुरूष अभ्यथियों का सिक्योरिटी गार्ड पद पर चयन किया जाना है। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में दिनांक 14 सितम्बर को विकास खण्ड सांगीपुर, रामपुर संग्रामगढ़, कालाकांकर, बाबा बेलखरनाथधाम, कुण्डा एवं लालगंज के पुरूष अभ्यर्थी, दिनांक 15 सितम्बर को विकास खण्ड बिहार, मानधाता, बाबागंज, लक्ष्मणपुर, सदर एवं सण्डवा चन्द्रिका के पुरूष अभ्यर्थी तथा दिनांक 16 सितम्बर को विकास खण्ड गौरा, शिवगढ़, पट्टी, आसपुर देवसरा एवं मंगरौरा के पुरूष अभ्यर्थी सम्मिलित होगें। सिक्योरिटी गार्ड पद हेतु न्यूनतम शारीरिक मापदण्ड 170 सेमी0 है, 18 से 35 वर्ष की आयु वर्ग तथा न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल पास समस्त अभ्यर्थी इस रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते है। नियोजक द्वारा वेतन सीमा 10001-20000 निर्धारित की गयी है। उन्होने बताया है कि रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु सर्वप्रथम अभ्यर्थी को सेवायोजन पोर्टल पर पंजीकरण कराना होगा। पंजीकरण के उपरान्त उन्हें पुनः रोजगार मेले में सम्मिलित होने के लिये आनलाइन आवेदन करना होगा। पूर्व से वेबपोर्टल पर पंजीकृत अभ्यर्थी अपनी लागिन आई0डी0 व पासवर्ड द्वारा रोजगार मेले में आवेदन कर प्रतिभाग कर सकते है। इच्छुक अभ्यर्थी अपनी समस्त मूल शैक्षिक योग्यताओं एवं पासपोर्ट साइज फोटो के साथ जिला सेवायोजन कार्यालय प्रतापगढ़ परिसर में पूर्वान्ह 10 बजे उपस्थित होकर प्रतिभाग कर सकते है। अधिक जानकारी के लिये जिला सेवायोजन कार्यालय प्रतापगढ़ में सम्पर्क कर सकते हैं।

08 गुण्डे हुए जिला बदर एवं 04 व्यक्तियों के शस्त्र लाइसेंस हुए निरस्त

(आधुनिक समाचार सेवा)
प्रतापगढ़। जनपद प्रतापगढ़ के जिन व्यक्तियों का आस-पास के क्षेत्रां में आतंक व भय व्याप्त है और उनके विरूद्ध कोई भी व्यक्ति कुछ बोलने अथवा साक्ष्य देने का साहस नही करता है ऐसे 08 व्यक्तियों को जिला मजिस्ट्रेट डा0 नितिन बंसल ने गुण्डा नियंत्रण अधिनियम की धारा-3(3) के तहत जनपद की सीमा से 06 माह के लिये निष्कासित कर दिया है। उन्होंने थाना जेठवारा ग्राम नेवाड़ी के भल्लू पुत्र राम किशोर व अमित पुत्र मुनन, थाना उदयपुर ग्राम कटरिया के डब्बू सिंह उर्फ सुनील कुमार सिंह पुत्र दल बहादुर सिंह, बाबूलाल प्रजापति पुत्र कामता प्रसाद व शेरू उर्फ शेर बहादुर सिंह पुत्र रामशंकर सिंह, थाना कोतवाली कुण्डा ग्राम मौली के मेराज शाह पुत्र सलीम शाह, थाना नवाबगंज ग्राम भोरई का पुरवा (महूपुर) के राजू पटेल पुत्र हीरालाल पटेल व लालजी पटेल पुत्र रामसुख पटेल को 06 माह के लिये जिला बदर किया है। इसके अलावा जनपद के शस्त्र लाइसेंसी जो आपराधिक क्रियाकलाप में लिप्त होने एवं शस्त्र अनुज्ञा-पत्र की शती का उल्लंघन करने के दोषी पाये गये 04 व्यक्तियों के शस्त्र लाइसेंस के जिला मजिस्ट्रेट ने निरस्त कर दिया है। उन्होने थाना मानधाता ग्राम हरचेतपुर के अमित सिंह उर्फ दिलीप सिंह पुत्र स्व0 नरेन्द्र सिंह के शस्त्र लाइसेंस एन0पी0 बोर रिवाल्वर, थाना कन्धई ग्राम बोझी के सुरेश चन्द्र मिश्र पुत्र स्व0 श्रीनाथ के शस्त्र लाइसेंस एस0बी0बी0एल0, थाना कोतवाली लालगंज ग्राम सलेमभदारी के अंजनी कुमार शुक्ला उर्फ राधे पुत्र योगेन्द्र नाथ शुक्ला के शस्त्र लाइसेंस डीबीबीएल व ग्राम ढिंगवस के बालेन्दू कुमार त्रिपाठी उर्फ मोनू त्रिपाठी पुत्र उमेश चन्द्र त्रिपाठी के शस्त्र लाइसेंस डीबीबीएल को निरस्त कर दिया है।

लायंस क्लब इलाहाबाद अनुपम द्वार रक्त दान शिविर का आयोजन

(आधुनिक समाचार सेवा)
प्रयागराज। लायंस क्लब इलाहाबाद अनुपम द्वारा डॉ अनुपम जायसवाल की स्मृति में शकुंतला अस्पताल में बृहद रक्त दान शिविर और निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। क्लब अध्यक्षा डॉ उमा जायसवाल ने बताया कि आज के दिन भर्ती पेशेंट को भी विभिन्न प्रकार की छूट प्रदान की गई है ।सर्वप्रथम क्लब सचिव लायन सुशील श्रीवास्तव ने रक्त दान किया,लायन धनेंद्र,लायन अकि.विशाल खरे,पार्थ जायसवाल,डॉ.आयुष जायसवाल व अन्य लोगो ने रक्तदान किया। डॉ जया खरे ने बताया लगभग 50 से ज़्यादा लोगों ने रक्त दान किया साथ ही 400 लोगों ने स्वास्थ्य कैम्प में जांच करायीत् मौके पर एसोसिएट मंडल सचिव लायन हिमांशु गुप्ता, लालू मित्तल,मंडल रक्तदान चेयरपर्सन भरत हिरानी, उपमा श्रीवास्तव, पूर्व मंडल अध्यक्ष कुँवर बी एम सिंह , डॉ आनन्द, रीना जायसवाल, पुश्पा अग्रवाल, अनिल जायसवाल,लाला भैया, बीरेन्द्र जायसवाल डॉ मोहम्मद कादिर डॉ उर्मिला श्रीवास्तव, धीरेन्द्र मिश्रा, आदि लोग उपस्थित रहे।

प्रिम रोज़ शिक्षा संस्थान एवं आरएएफ 101 शांतिपुरम प्रयागराज द्वारा संयुक्त रुप से साइबर सिक्योरिटी एंड प्रिवेंशन पर एक कार्यशाला का आयोजन

(आधुनिक समाचार सेवा)
प्रयागराज। दिनांक 12 सितंबर 2022 को प्रिम रोज़ शिक्षा संस्थान एवं आरएएफ 101 शांतिपुरम प्रयागराज द्वारा संयुक्त रुप से साइबर सिक्योरिटी एंड प्रिवेंशन पर एक कार्यशाला का आयोजन आरएएफ के ऑडिटोरियम शांतिपुरम में, कमांडेंट आरएएफ 101 श्री मनोज कुमार गौतम के आवाहन पर किया गया।जुवेनाइल बोर्ड के ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट रहे एम. एच.जैदी जो की साइबर एक्सपर्ट भी है,उनके द्वारा कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया जिसमे आरएएफ के जवानों ने हिस्सा लिया और बहुत सारी साइबर संबंधित समस्याओं से अवगत करवाया और उससे कैसे बचा जाए ये भी जाना।वही दूसरी ओर प्रिम रोज़ शिक्षा संस्थान के प्रबन्धक श्री फरहान आलम द्वारा लीगल अवेयरनेस पर चर्चा किया गया और विभिन्न विभागों के इमरजेंसी नंबर्स भी दिया गया जिससे किसी की मदद हो सके। डायल 112 का व्हास्टैप नो.जिससे पीढित अपना लोकेशन भेज कर मदद ले सकता है जैसे तमाम मुद्दों पर चर्चा किया गया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से डिप्टी कमांडेंट श्री बृजेश दुबे,अमन कुमार, सबा खान,सचिन एवं आरएएफ की समस्त टीम मौजूद रही।

महाकुम्भ को लेकर डिप्टी सीएम अधिकारियों के साथ कर रहे हैं बैठक

(आधुनिक समाचार सेवा)
प्रयागराज। महाकुंभ 2025 की तैयारियों को लेकर आज एक महत्वपूर्ण बैठक हो रही है। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य इस बैठक में शामिल है। बैठक

शुरू हो चुकी है। डिप्टी सीएम केशव मौर्य महाकुंभ की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे हैं। इस बैठक पर सभी की निगाहें टिकी हैं। माना जा रहा है कि महाकुंभ के दौरान दूर-दूर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए अतिरिक्त सुविधाओं को बढ़ाने पर भी निणय् लिया जा सकता है। यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य सोमवार को अधिकारियों की प्रयागराज मेला प्राधिकरण के मुख्यालय में बैठक ले रहे हैं। बैठक में कई बड़ी परियोजनाओं को मंजूरी मिल सकती है तो कई प्रोजेक्ट के प्रस्ताव पर चर्चा होगी। बैठक लगभग दो घंटे तक चलेगी। उल्लेखनीय है कि प्रयागराज में वर्ष 2025 में होने वाले महाकुंभ मेला को लेकर अभी से ही तैयारियां शुरू हो गई हैं। दीर्घकालीन परियोजनाएं अब शुरू कराई जाएंगी, जिससे महाकुंभ के पहले उनका काम पूरा हो सके।

साइबर अपराधी मोबाईल ऐप से लोन लेने वालों को ठग रहे हैं, यहां पढ़ें ठगी से कैसे बचें

(आधुनिक समाचार सेवा)
प्रयागराज। क्या आपको पता है कि इन दिनों मोबाइल एप पर ब्रैकमेलिंग का लोन भी मिल रहा है। लोन देने व वसूली के नाम पर साइबर क्राइम हो रहा है। यानी यूं मान लें कि लोन एप ठगी का जरिया भी बन गए हैं। आप भी आनलाइन मोबाइल एप पर लोन ले रहे हैं तो सावधान रहें। कहीं ऐसा न हो कि लोन के नाम पर साइबर अपराधियों को अपने महत्वपूर्ण दस्तावेज देकर आप ठगी का शिकार न हो जाएं साइबर अपराधी न केवल आपसे दिए गए लोन की दोगुनी कीमत वसूल कर सकते हैं, आपको ब्रैकमेल भी कर सकते हैं। साइबर सेल, साइबर थाने में 50 से अधिक शिकायतें भी की जा चुकी है। अनूप ने 10 हजार रुपये लोन लेकर फंसे : प्रयागराज शहर में अल्लापुर के छात्र अनूप ने मोबाइल एप के जरिए 10 हजार रुपये का लोन लिया था। इसके बाद उसने पूरा लोन अदा कर दिया, लेकिन उनसे 10 हजार रुपये और मांगे गए। पैसा न देने धमकी दी गई। इससे परेशान पीडित ने पुलिस से शिकायत की।महिला ने लोन चुकता किया फिर भी की गई ब्लैकमेल : प्रयागराज शहर में करेली की एक महिला ने एक मोबाइल एप के माध्यम से छह हजार रुपये का लोन लिया था। पूरा पैसा वापस करने के बाद भी उससे और पैसा मांगा गया। इसके बाद आपत्तिजनक संदेश भेजकर ब्लैकमेल करने की कोशिश की



दिए गए लोन की दोगुनी कीमत वसूल कर सकते हैं, आपको ब्लैकमेल भी कर सकते हैं। साइबर सेल, साइबर थाने में 50 से अधिक शिकायतें भी की जा चुकी है। अनूप ने 10 हजार रुपये लोन लेकर फंसे : प्रयागराज शहर में अल्लापुर के छात्र अनूप ने मोबाइल एप के जरिए 10 हजार रुपये का लोन लिया था। इसके बाद उसने पूरा लोन अदा गई।साइबर अपराधियों को महत्वपूर्ण दस्तावेज देकर ठगी का शिकार हो सकते हैं : अगर आप भी पांच से 50 हजार रुपये तक के लोन किसी मोबाइल एप से लेना चाहते हैं तो सावधान रहें। कहीं ऐसा न हो कि आप लोन के नाम पर साइबर अपराधियों को अपने महत्वपूर्ण दस्तावेज देकर ठगी का शिकार हो जाएं। साइबर अपराधी न केवल आपसे दिए गए लोन की दोगुनी कीमत वसूल कर सकते हैं बल्कि आपको ब्लैकमेल भी कर सकते है। अल्लापुर के छात्र, करेली की महिला सहित शहर में रहने वाले कई शख्स ठगी का शिकार हो चुके है।साइबर अपराधियों की ठगी का नया तरीका : साइबर सेल से लेकर साइबर थाने तक अपराधियों के नए ट्रेंड की शिकायत पहुंच रही है। जल्दी लोन पाने के चक्कर में कुछ लोग डिजिटल फर्जीवाड़े का भी शिकार हो रहे है। हाल ही में कानपुर में चीनी एप डाउनलोड करवाकर लोन देने और भी फिर ब्लैकमेल करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ हुआ तो प्रयागराज पुलिस भी सतर्क हो गई।प्रयागराज में दो माह में 50 शिकायतें : प्रयागराज में पिछले दो माह माह से करीब 50 शिकायत पहुंची है। इसको ध्यान में रखते हुए साइबर थाने की ओर से इंटरनेट मीडिया के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। साथ ही उन्हें विशेष रूप से सतर्क रहने और अपराधियों के जाल में न फंसने की हिदायत दी जा रही है। साइबर एक्सपर्ट जय प्रकाश, अनुराग, रणवीर, सत्येश भी विभिन्न शिक्षण संस्थानों सहित अन्य कार्यस्थलों पर जागरुकता अभियान चला रहे है ताकि साइबर अपराधी प्ले स्टोर से एप डाउनलोड करवाने के बाद किसी को 'ब्लैकमेलिंग का लोन' न दे सकें। तमाम एप की हो चुकी है शिकायत : पुलिस के मुताबिक, प्ले स्टोर पर ढेरों लोन एप है। भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से फर्जी लोन एप की सूची भी जारी की है। हालांकि कैश मशीन लोन, पे फार मिनट कैश, फास्ट पैसा, रिच कैश, बुक, कैश कैरी एप सहित कई एप के बारे में पुलिस को शिकायत मिल चुकी है कि इनके माध्यम से ठगी की जा रही है।

वाराणसी-गाजीपुर हाईवे पर ट्रक ने बाइक सवार को कुचला, ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

(आधुनिक समाचार सेवा)

गाजीपुर। पियरी सैदपुर गाजीपुर निवासी पवन कुमार मौर्य (28) बाइक से वाराणसी की तरफ आ रहा था। चंद्रावती बाजार के पास बेकाबू ट्रक ने उसे कुचल दिया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। गाजीपुर-वाराणसी हाईवे पर चौबेपुर क्षेत्र के चंद्रावती बाजार के पास सोमवार सुबह करीब 10 बजे बेकाबू ट्रक ने बाइक सवार को कुचल दिया। मौके पर बाइक सवार युवक की मौत हो गई। घटना के बाद चालक ट्रक छोड़ कर फरार हो गया। वहीं मृतक के परिजनों और ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया।पियरी सैदपुर गाजीपुर निवासी पवन कुमार मौर्य (28) बाइक से सोमवार को चंद्रावती गांव स्थित अपने फूफा के घर के यहां आ रहा था। चंद्रावती बाजार के पास उसी लेन पर विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक की चपेट में आ गया। ट्रक के पहिए से कुचलने के कारण पवन की मौके पर ही मौत हो गई।सूचना मिलते ही रिश्तेदारों के साथ गांव के लोग मौके पर पहुंचे और कार्रवाई की मांग को लेकर हाईवे जाम कर दिया। मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर शांत कराया और जाम खत्म हुआ। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लिया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजावाया। पेशे से किसान पवन की दो वर्ष पूर्व शादी हुई थी। पतनी समेत अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

अपार्टमेंट मे रहने वालों को देना होगा एक और टैक्स, नगर निगम ने भेजा नोटिस

(आधुनिक समाचार सेवा)

गोरखपुर। नगर निगम में कूड़ा निस्तारण के लिए अपार्टमेंट पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। प्रतिदिन कूड़ा उठाने में होने वाला खर्च अब अपार्टमेंट के प्रबंधक से वसूला जाएगा। इसकी शुरुआत पैराडाइज जेमनी अपार्टमेंट से हो गई है। बाबा राघवदास मेडिकल कालेज के बगल में बने इस अपार्टमेंट से रोजाना तकरीबन 11 टन कूड़ा निकलता है। प्रतिदिन निकलता है इतना कूड़ा प्रतिदिन कूड़ा उठाने में नगर निगम 2850 रुपये खर्च करता है। इसके आधार पर नगर निगम ने एक महीने का 85 हजार 500 रुपये जमा करने को कहा है। महानगर में अपार्टमेंट की संख्या दर्जनों में है। ज्यादातर में सौ से ज्यादा फ्लैट भी हैं। इन फ्लैट से रोजाना भारी मात्रा में कूड़ा निकलता है। अपार्टमेंट के बाहर कूड़ा रख दिया जाता है। अब तक नगर निगम यह कूड़ा बिना किसी शुल्क उठाता रहा है लेकिन अब नई व्यवस्था बनायी गई है।नगर निगम क्षेत्र में घर-घर से कूड़ा उठाने की व्यवस्था जोर पकड़ रही है। सबसे पहले अपार्टमेंट से कूड़ा उठाने की शुरुआत की गई है। नागरिकों को सूखा व गीला कचरा अलग-अलग कर देने को कहा गया है। पैराडाइज जेमनी अपार्टमेंट में नगर निगम को कूड़ा अलग मिलने की कौन कहे, वाहनों को भी अंदर परिसर में जाने की अनुमति नहीं मिलती। मेडिकल कालेज रोड के किनारे कूड़ा रखा जाता है। अफसरों का कहना है कि अपार्टमेंट के प्रबंधक को कई बार प्रति फ्लैट सौ रुपये जमा करने को कहा गया है लेकिन वह कुछ सुनते नहीं। इसे देखते हुए नोटिस जारी करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। प्रति फ्लैट सौ रुपये तो जमा कराए ही जाएंगे, यदि कूड़ा चालक को नहीं दिया गया तो इसे उठाने का खर्च अलग से जमा करना होगा।घर-घर से कूड़ा उठाने के लिए वाहनों की खरीद की जा रही है। नागरिकों को जागरूक भी किया जा रहा है। इसके बाद भी जो लोग नगर निगम का सहयोग नहीं करेंगे उनको नोटिस जारी किया जाएगा। कूड़ा सड़क पर फेंकने से यदि किसी तरह का रोग फैला तो संबंधित पर एफआइआर भी दर्ज करायी जाएगी।

भारत-नेपाल सीमा पर 72.8 लाख नेपाली मुद्रा के साथ एक हिरासत में, सुरक्षा एजेंसियां चौकस

(आधुनिक समाचार सेवा)

महराजगंज। भारत-नेपाल की सोनौली सीमा पर एसएसबी व पुलिस की संयुक्त टीम ने 72 लाख 80 हजार नेपाली रुपये (45 लाख भारतीय) बरामद किया। यह बरामदगी एक लग्जरी कार से हुई है। नेपाल निवासी कार चालक को हिरासत में लेकर कस्टम सहित अन्य सुरक्षा एजेंसिया पूछताछ कर रहीं है। ऐसे हुई बरामदगी एसएसबी 22वीं बटालियन के सहायक कमांडर ललित डोभाल व सोनौली चौकी इंचार्ज दुर्गेश कुमार सिंह के नेतृत्व में सोनौली सीमा पर वाहनों की जांच की जा रही थी। इस दौरान भारत से नेपाल प्रवेश कर रहे एक कार को रोका गया। जब उसकी सीट की जांच हुई, तो उसके नीचे छुपा कर रखे गए एक हजार, 500, 100 व 50 के नोट मिले। यह गिनने में 72.8 यह लाख निकले। कार चालक ने पूछताछ में अपना नाम सुभाष सुनार निवासी वार्ड सात दयापथ भैरहवा जनपद रुपंदेही, नेपाल बताया। उसने बताया कि वह कपड़ा कारोबारी है। दुकान बेचने के बाद यह रुपये मिले हैं।आरोपित नेपाली मुद्रा लेकर भारतीय क्षेत्र में क्यों आया था, सुरक्षा एजेंसियों द्वारा इसकी जांच की जा रही है। आरोपित व नेपाली रुपयों को कस्टम नौतनवा को सिपुर्द कर दिया गया है। प्रारंभिक जांच में हवाला कारोबार से जुड़े होने की आशंका जताई जा रही है। अपर पुलिस अधीक्षक अतिश कुमार सिंह ने बताया कि सीमा पर जांच के दौरान 72 लाख 80 हजार नेपाली रुपया बरामद हुआ है। कस्टम व इनकम टेक्स विभाग की टीम भी जांच कर रही है। जांच के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस के रडार पर गेहूं तस्कर : सोनौली कोतवाली क्षेत्र के शेष फरेंदा गांव में एसडीएम द्वारा तस्करी के गेहूं पकड़े जाने के मामले में तस्करी का सरगना अब भी प्रशासन की पकड़ से बाहर है।

कुशीनगर में पुलिस व पशु तस्करों में मुठभेड़ दो पशु तस्कर घायल- तीन गिरफ्तार

(आधुनिक समाचार सेवा)

कुशीनगर। कुशीनगर के पटहेरवा के अहलादपुर मतलूक छापर के पास फोरलेन पर मंगलवार सुबह ट्रक सवार पशु तस्करों और पुलिस के बीच हुई मुठभेड़ में तीन पशु तस्कर पकड़े गए। दो तस्करों के पैर में गोली लगी है। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ट्रक पर गोवंश मिले हैं। ऐसे हुई मुठभेड़ मंगलवार तड़के पटहेरवा पुलिस को सूचना मिली कि पशु तस्कर पशुओं की खेप लेकर बिहार जा रहे हैं। इस पर स्वाट व पटहेरवा, तुर्कपट्टी तथा तमकुहीराज पुलिस की टीम भी पहुंच गई। सुबह साढे चार बजे अहलादपुर मतलूक छापर के पास फाजिलनगर की ओर से एक ट्रक आता दिखा। पुलिस टीम ने घेराबंदी की तो ट्रक पर सवार तस्कर वाहन सड़क किनारे रोककर पुलिस को निशाना बना फायरिंग करते हुए भागने लगे। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई में फायरिंग की तो दो तस्करों को गोली लगी और एक दबोच लिया गया।घायल तस्करों की पहचान सद्दाम व नसीर आलम निवासी नहरिया आरटीओ आफिस थाना बलरामपुर नगर जिला बलरामपुर के रूप में हुई। इनके अलावा अनवर निवासी महराजगंज तराई थाना महराजगंज जिला बलरामपुर भी गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से दो तमंचा, कारतूस, लकड़ी का बड़ा टुकड़ा, लोहे का धारदार हथियार बरामद हुआ। मौके से पुलिस को खोखा भी मिला है।

जुर्म की दुनिया में गहरी पैठ ठेके से लेकर जमीन के धंधे में आजमाया हाथ

(आधुनिक समाचार सेवा)

वाराणसी। पुलिस द्वारा घोसी सांसद अतुल राय उर्फ अतुल सिंह के गृह जनपद में कुर्की की कार्रवाई से एक बार फिर चर्चाओं का बाजार गर्म है। पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी के करीबी अतुल राय ने वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में बसपा के टिकट से जमानिया विधानसभा सीट से भाग्य आजमाया। वर्ष 2019 में लोकसभा चुनाव में मऊ की घोसी सीट से उम्मीदवार बने और पहली बार जीत दर्ज की। मुख्तार के क रीबी होने के कारण अतुल राय की जरायम की दुनिया में गहरी पैठ बन गई। ठेके से लेकर जमीन का धंधा खूब फला-फूला। पुलिस अधीक्षक के मुताबिक, जनपद के किसी थाने में अतुल राय के खिलाफ कोई मुकदमा दर्ज नहीं है। वर्तमान समय में नैनी सेंट्रल जेल में निरुद्ध सांसद के खिलाफ एक मई 2019 को वाराणसी के लंका थाने में दुष्कर्म का मामला दर्ज हुआ था। पीडिता और गाजीपुर के रहने वाले उसके गवाह साथी ने बीते 16 अगस्त को दिल्ली में आत्मदाह कर लिया था। बीते छह अगस्त को न्यायालय ने सांसद को दुष्कर्म के मामले में बरी कर दिया था। हालांकि पीडिता और गवाह साथी को आत्महत्या के लिए उकसाने और अन्य मामले में उन्हें राहत नहीं मिली है और वह नैनी सेंट्रल जेल में निरुद्ध हैं। वीरपुर गांव निवासी घोसी सांसद अतुल की शिक्षा-दीक्षा वाराणसी में हुई है। सूत्रों के मुताबिक वर्ष 2000 में वह माफिया मुख्तार अंसारी के संपर्क में आए थे। इसी के बाद अतुल का ग्राफ ठेकेदारी सहित अन्य क्षेत्रों में तेजी से बढ़ा। वहीं, जेल में रहते हुए अतुल राय ने मुख्तार अंसारी से अपनी जान को खतरा भी बताया। लोगों का कहना है कि मुख्तार से अतुल राय की दूरियां तब बढ़ी जब वर्ष 2019 लोकसभा में घोसी सीट से मुख्तार अंसारी के पुत्र अब्बास अंसारी का टिकट काटकर अतुल राय को बसपा का टिकट मिल गया था। शासन की कार्रवाइयों का डंडा संगठित अपराध को अंजाम देने वालों के खिलाफ लगातार चल रहा है। आईएस 191 गैंग के लीड मुख्तार अंसारी और उनके करीबियों की अब तक 65 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति कुर्क की जा चुकी है। जबकि गैंग से संबंधित 109 करोड़ की संपत्ति को ध्वस्त कराया जा चुका है। यहीं नहीं मुख्तार अंसारी पर कुल तकरीबन तीन दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज हैं। इधर मुख्तार अंसारी के बड़े भाई गाजीपुर सांसद अफजाल अंसारी की अब तक करीब 43 करोड़ की संपत्ति कुर्क की जा चुकी है।

गाजीपुर में अग्निशमन विभाग की जांच में कोई होटल

(आधुनिक समाचार सेवा)

गाजीपुर। शहर के होटल व शापिंग माल सुरक्षा के मानक को ताख पर रखकर धड़ल्ले से संचालित हो रहे है। भगवान ना करें कभी कोई हादसा हो, लेकिन अगर हो गया तो जान बचाना भी मुश्किल हो जाएगा। शासन के निर्देश पर अगिन्शामन अधिकारी द्वारा शुरू किए गए चेकिंग अभियान में सबकी पोल खुल गई। इस पर फायर ब्रिगेड की टीम ने शहर के 13 होटल व माल को नोटिस जारी किया है। सभी से एक सप्ताह में संतोषजनक जवाब मांगा है। अगर इसमें लापरवाही बरती तो संबंधित के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी। फायर ब्रिगेड की इस कार्रवाई से संबंधितों में खलबली मची हुई है। बीते दिनों लखनऊ के एक होटल में आग लग जाने से चार लोगों की मौत हो गई थी। होटल में आग को बुझाने के लिए पर्याप्त संसाधन भी नहीं था। मामले को गंभीरता से लेते हुए शासन ने प्रदेश के प्रत्येक जनपद में होटल, शापिंग माल, अस्पताल व स्कूल के खिलाफ चेकिंग कर कड़ी कार्रवाई की निर्देश दिया।शासन के निर्देश के क्रम में जिले में संघन चेकिंग अभियान चलाया गया। शहर में करीब दर्जन भर होटल, माल व निजी अस्पताल है, लेकिन चेकिंग में कोई मानक के अनुरूप नहीं मिला। फायर ब्रिगेड की टीम द्वारा फायर इक्विपमेंट को भी चेक किया गया। यह भी सही नहीं मिले तो बहुतों के यहां पर्याप्त नहीं थे। टीम ने होटल संचालकों को फटकार भी लगाई। सोमवार को इन सभी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। इनको भेजी गई नोटिस : सिटी रेलवे स्टेशन के पास अवध होटल, लंका-कचहरी मार्ग के किनारे श्याम होटल, शहर से सटे गोंड़ा देहाती के बिंदू होटल, सिटी स्टेशन के पास श्रीरंगटाप होटल, लंका स्टेशन रोड पर मधुर तरंग होटल, गंगोत्री होटल, लिविंग लिजेंड होटल, देव इंटरनेशनल होटल, सिंचाई चौराहा स्थित अपना बाजार, बंधवा स्थित वी-मार्ट, वी-टू, फैब लाइव सहित खजुरिया स्थित रायल चिल्ड्रेन अस्पताल को फायर ब्रिगेड ने नोटिस भेजा है।

प्रवेश सूचना

नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज

(आई0 एस0 ओ0 प्रमाणित औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र)

भारत सरकार की कौशल विकास योजना मे समस्त, 2022 से प्रारम्भ हो रहे सत्र के लिए निम्नलिखित ट्रेडों में दाखिले के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। ट्रेड प्रवेश योग्यता तथ प्रस्तुत विविण पाठ्यक्रमों की अवधि के विवरण नीचे दिए गए है।

क्र0सं0	ट्रेड का नाम	ट्रेड की अवधि	योग्यता
1.	कोपा (कम्प्यूटर ऑपरेटर)	1 वर्ष	12वी पास
2.	फिटर	2 वर्ष	10वी पास
3.	डाटा इंट्री ऑपरेटर	6 माह	10वी पास
4.	फायर प्रिवेन्शन एण्ड इंडस्ट्रियल सेफ्टी	6 माह	8वी पास
5.	सेक्योरिटी सर्विस	6 माह	8वी पास
6.	कम्प्यूटर हार्डवेयर एण्ड एसेम्बली	1 वर्ष	10वी पास
7.	सर्टिफिकेट इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन	1 वर्ष	10वी पास
8.	इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन्स	1 वर्ष	8वी पास
09.	रेफ्रिरिजरेटर एण्ड एयर कन्डिसनिंग	1 वर्ष	8वी पास
10.	योगा असिस्टेन्ट	1 वर्ष	10वी पास
11.	वेल्डिंग टेक्नोलॉजी	1 वर्ष	8वी पास
12.	कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स	1 वर्ष	10वी पास

प्रस्तुत विभन्न पाठ्क्रमों में रिक्त की उपलब्धता तथा दाखिला शुल्क का विवरण संस्थान की वेबसाइट पर देखे।

1. **प्रमाण पत्रः** सफल प्रशिक्षणार्थियों को भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय ट्रेड प्रमाणपत्र दिए जाते है, जो सेवा में भर्ती के लिए मान्य योग्यता है।
2. **चयन की प्रक्रियाः** इस वर्ष कोविड–19 महामारी के चलते सभी सीटों पर दाखिले पहले आओ पहले पाओं के आधार पर किये जायेगे।
3. **आयुः** उम्मीदवार की आयु 1 अगस्त, 2022 को न्यूनतम 14 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए।
4. **आवेदन कैसे करेः** ओवेदन फॉर्म संस्थान की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन भरे जा सकते तथा संस्थान के कार्यालय से निःशुल्क भी प्राप्त किया जा सक्ता है।
   नोटः आवेदन फार्म भरते हुए रू 2665 का पंजीकरण शुल्क भी (अप्रतिदेय) होगा।
5. **बस पासः** सरकार द्वारा विद्यार्थियों के लिए प्रति माह में रियायती एसी बस पास सुविधा उपलब्ध है, जो कि सभी बसों में मान्य है।
6. **छात्रवृत्तिः** दाखिले के उपरांत शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए सभी ट्रेडों में आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी, जिसके पास आय प्रमाण पत्र हो, वो भारत सरकार की छात्रवृत्ति योजनाओं में आवेदन कर सकते है।
7. अधिक जानकारी तथा ऑनलाइन आवेदन के लिए संस्थान की वेबसाइट www,nainiiti.com देखें।
8. दाखिले की अंतिम तिथिः 15 सितंबर 2022
9. सफल अभ्यार्थियों को भारत सरकार द्वारा रू 7700 प्रति माह की अप्रेंटिसशिप सुविधा उपल्बध है।

नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज

सम्पर्क सूत्रः– 7518828710, , 9415608710, 6386474074, 9415608790

ब्लाक हलिया के बरौधा राजकीय बालिका इंटरमीडिएट कालेज में बायोमेट्रिक हाजिरी में ही फ्राड गिरी पकड़ में आई है

(आधुनिक समाचार सेवा)
मिर्जापुर। विद्यालय के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी एवं प्रभारी प्रधानाचार्य रहीं ज्योति गोयल की दुरभिसंधि यह है कि प्रभारी प्रधानाचार्य अवकाश पर रहते हुए बायोमेट्रिक हाजिरी में उपस्थित और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी रामपोश उपस्थित रहते हुए भी अनुपस्थित रहा। इस बाबत प्रभारी प्रधानाध्यापक राम प्रताप ने जिलाविद्यालय निरीक्षक अमरनाथ सिंह को लिखित रूप से शिकायत की है। शिकायत मिलते ही डीआईओएस ने चतुर्थश्रेणी कर्मचारी व पूर्व प्रभारी प्रधानाचार्य का वेतन रोकने के निर्देश देते हुए प्रकरण की जांच कराने के निर्देश दिए हैं।

विंध्याचल का नवरात्र मेला २५/२६ सितम्बर की रात्रि से शुरु हो रहा है

(आधुनिक समाचार सेवा)
मिर्जापुर। डीएम प्रवीण कुमार लक्षकार ने सोमवार को विंध्याचल स्थित प्रशासनिक कैम्प कार्यालय में अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान पता चला कि काली खोह और अष्टभुजा मार्ग को दुरुस्त करा दिया गया है। डीएम ने लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किए कि वृद्धाश्रम से पुरानी वीआईपी मार्ग और प्रशासनिक भवन तक सड़क की मरम्मत तुरंत दुरुस्त करा लिया जाए ताकि मेला के दौरान यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाये। डीएम ने सभी कार्यदायी संस्थाओ को निर्देशित किए कि 20 सितम्बर तक सभी कार्य पूर्ण करा लिया जाए। इसकी प्रतिदिन कायर्योजना बनाकर नगर मजिस्ट्रेट को मंगलवार तक उपलब्ध करा दें। उन्होंने कहा कि कायर्योजना के अनुसार कार्य को सम्पादित करायें। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किए कि सभी गलियों और नालियों की सफाई शीघ्र कर ले और नाली से निकाले गए मलबे को तत्काल हटाने की व्यवस्था सुनिशित की जाय।

(आधुनिक समाचार सेवा)
मिर्जापुर। शहर कोतवाली क्षेत्र के पक्के पोखरा मोहल्ले में शराब पीने के दौरान पैसे को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति की गले में ट्यूबलाइट घोंपकर हत्या किए जाने के मामले में सोमवार को सुबह पोस्टमार्टम होने के बाद परिजनों ने आरोपियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर कचहरी चौकी के पास सड़क जाम कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने आश्वासन देकर किसी तरह से जाम समाप्त कराया। इस बीच सोमवार को शाम को इस मामले में दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उधर, पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने हत्या के इस मामले में लापरवाही बरतने के आरोप में कचहरी चौकी प्रभारी उप निरीक्षक अनिल कुमार को निलंबित कर दिया है। उन्होंने शहर कोतवाल अरविंद कुमार मिश्रा के खिलाफ विभागीय जांच का आदेश भी दिया है।

(आधुनिक समाचार सेवा)
मिर्जापुर। मिर्जापुर ज्ञानवापी मामले से संबंधित न्यायालय के निणन्य को देखते हुए पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने पुलिस और पीएसी के जवानों के साथ नगर में पैदल मार्च किया। पुलिस कार्यालय से शुरू हुआ पैदल मार्च नगर के प्रमुख इलाकों से होते हुए वापस कार्यालय पहुंचकर समाप्त हुआ। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने नागरिकों, व्यवसायियों व विभिनन संप्रदाय के लोगों से संवाद भी स्थापित किया।

(आधुनिक समाचार सेवा)
मिर्जापुर। मिर्जापुर अहरौरा सोनभद्र बॉर्डर से सटे खप्पर बाबा आश्रम के पास रविवार की रात गैंगस्टर मामले में फरार चल रहे आरोपी की गिरफ्तारी के लिए गई पुलिस टीम पर बदमाश ने तमंचे से फायर झोंक दिया। फायर से बचते हुए पुलिस ने भाग रहे एक बदमाश को दबोच लिया। उसका दूसरा साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है।

चोरी कि योजना बनाने वाले व्यक्तियों कि औजार सहित 4 सातिर चोरों कि हुई गिरफ्तारी

(आधुनिक समाचार सेवा)
सोनभद्र। जनपद सोनभद्र में चोरी एवं लूट की घटना पर प्रभावी रोकथाम लगाने एवं उसमें संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 12.09.2022 को थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर ग्राम उरमौरा मे चोरी की योजना बना रहे 04 नफर अभियुक्तगण क्रमशः 1. संजय जायसवाल पुत्र बसन्तलाल, निवासी लोढ़ी, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 22 वर्ष 2. बब्लू कनौजिया पुत्र जगनरायण, निवासी भभाईच. थाना चोपन, जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 24 वर्ष 3. रविन्द्र यादव पुत्र परमेश्वर, निवासी भभाईच, थाना चोपन, जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 23 वर्ष 4. धूरेन्दर पुत्र पप्पू हरिजन, निवासी उरमौरा, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 20 वर्ष को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी करने वाले औजार/उपकरण एक अदद पिलास, एक अदद पैनल रिंच, एक अदद पेचकश, एक अदद छोटी हथौडी, एक अदद बोल्ट मय बेल्डिंग राड, दो अदद आरी बेलेड (लोहे का), एक अदद रिंच व चाभी का गुच्छा बरामद किया गया। उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 693/2022 धारा 401 भादवि का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तगण की आपराधिक इतिहास निमन्वत है। **गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-** 1. संजय जायसवाल पुत्र बसन्तलाल, निवासी लोढ़ी, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 22 वर्ष। 2. बब्लू कनौजिया पुत्र जगनरायण, निवासी भभाईच. थाना चोपन, जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 24 वर्ष। 3. रविन्द्र यादव पुत्र परमेश्वर, निवासी भभाईच, थाना चोपन, जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 23 वर्ष। 4. धूरेन्दर पुत्र पप्पू हरिजन, निवासी उरमौरा, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 20 वर्ष। **आपराधिक इतिहास बबलूः-** 1. मु0अ0सं0-012/2021 धारा 8/20 ऩ्इए ीं ू थाना राबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र। 2. मु0अ0सं0-0210/2020 धारा 8/20 ऩ्इए ीं ू थाना राबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र। 3. मु0अ0सं0-0269/2021 धारा 379,411 भादवि थाना राबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र। 4. मु0अ0सं0-0270/2021 धारा 8/20 ऩ्इए ीं ू थाना राबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र। 5. मु0अ0सं0-0326/2021 धारा 60 ीं ू थाना राबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र। 6. मु0अ0सं0-0693/2022 धारा 401 भादवि थाना राबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र। **आपराधिक इतिहास धुरेन्दरः-** 1. मु0अ0सं0-0836/2019 धारा 380, 411 थाना राबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र 2. मु0अ0सं0-048/2020 धारा 60 ीं ू थाना पनूगंज, जनपद सोनभद्र 3. मु0अ0सं0-0729/2020 धारा 272, 273 भादवि व 60 ीं ू थाना राबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र। 4. मु0अ0सं0-0693/2022 धारा 401 भादवि थाना राबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र। **आपराधिक इतिहास रविन्द्रः-**1. मु0अ0सं0-272/2018 धारा 279, 304ं भादवि थाना चोपन, जनपद सोनभद्र। 2. मु0अ0सं0-0693/2022 धारा 401 भादवि थाना राबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र। **बरामदगी का विवरणः-** 1. अभियुक्तगण के कब्जे से 01 अदद पिलास। 2. एक अदद पैनल रिंच। 3. एकअदद पेचकस। 4. एक अदद छोटी हथौड़ी। 5. एक अदद बोल्ट मय बेल्डिग राड। 6. दोअदद आरी ब्लेड(लोहे का) 7. एकअदद रिंच। 8. चाभी का गुच्छा। **गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-** 1. उ0नि0 विनय कुमार सिंह, चौकी प्रभारी अस्पताल, थाना राबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र। 2. उ0नि0 श्री श्रीकान्त राय, चौकी प्रभारी नई बाजार, थाना राबर्ट्सगंज,जनपद सोनभद्र। 3. आरक्षी हरिओम यादव, थाना राबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र। 4. आरक्षी शिवचन्द पटेल, थाना राबर्ट्सगंज,जनपद सोनभद्र।

चार घण्टे की यात्रा महज एक घण्टे में होती है पूरी , विधायक ने गिनाई डबल इंजन सरकार की उपलब्धिया

(आधुनिक समाचार सेवा)
मिर्जापुर। चार घन्टे की यात्रा अब महज एक घण्टा में हो जाती है पूर्ण। उक्त बातें नगर विधायक रतनकर मिश्र ने डबल इंजन दोगुनी रफ्तार के अंतर्गत प्रदेश सरकार की योजनाओं को प्रदर्शित करने हेतु विन्ध्याचल स्थित रोडवेज परिसर में लगाई गई प्रदर्शनी के उद्घाटन के पश्चात पत्रकारों से कही। उन्होंने कहा कि सात साल में मोदी , योगी की डबल इंजन वाली सरकार ने लोगों की कल्पना के ऊपर विकास कार्य किया है। पहले विन्ध्य दरबार से काशी व प्रयाग की यात्रा के लिए निजी वाहनों से भी चार घण्टे का समय लग जाता था , पर सड़कों के विस्तार के चलते अब महज एक घंटे में ही यात्रा पूर्ण हो जाती है। काशी कॉरिडोर निर्माण के पश्चात वहाँ श्रद्धालुओं में काफी ज्यादा पर्यटकों की संख्या में वृद्धि हुई है। विन्ध्यकोरिडोर निर्माण से इस क्षेत्र में भी पर्यटन की अपार संभावनाएं है , जो पूरे जनपद वासियों को रोजगार के तमाम अवसर मुहैया कराएगा। कोरोना काल मे मोदी सरकार द्वारा किए गए योजनाबद्ध कार्यों ने पूरी दुनिया मे भारत का सर ऊँचा किया है।

आंख मिचौली का खेल बिजली उपभोक्ता हुए परेशान किए विरोध प्रदर्शन

(आधुनिक समाचार सेवा)
(डाला) सोनभद्र। स्थानीय डाला सब स्टेशन क्षेत्र के अंतर्गत कोटा में बिजली के आंख मिचौली खेल से परेशान उपभोक्ताओं ने किया जोरदार विरोध प्रदर्शन आज सोमवार को डाला सब स्टेशन के अंतर्गत कोटा क्षेत्र के बिजली सप्लाई को डाला से हटवाकर सब स्टेशन ज्वाडी डांड से करने पर स्थानीयो ने अवर अभियंता सहित बिजली विभाग के इस क्रियाकलाप से नाराज़ लोगों विरोध प्रदर्शन करते हुए वर्तमान अवर अभियंता को हटवाने की मांग की गई इस दौरान विरोध प्रदर्शन करते हुए ग्रामीणों ने कहा कि इंडस्ट्रीयल बिल व कोटा फिटर होने के बावजूद विभाग द्वारा हमारे बिजली की सप्लाई ज्वाडी डांड सब स्टेशन से कर दिया गया है जिसके कारण हम लोगों को बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ा रहा है जिसे डाला से किया जाएं हमारे क्षेत्र में तार खम्भे जर्जर हो गया है जिसको तत्काल ही बदलवाया जाए साथ ही डाला अवर अभियंता (जेई) को डाला से हटाया जाए इस दौरान विरोध प्रदर्शन में निभच्य चौधरी आकाश उपाध्याय आनंद प्रकाश ब्रह्मानंद राहुल त्रिपाठी कमलेश भारती सुरेश भारती आशुतोष जयसवाल दिलीप तिवारी उमाशंकर शर्मा जितेंद्र भारती संजय भारती आकाश कनौजिया विकास जायसवाल रघुवीर यादव प्रदीप जयसवाल शशिकांत दिनेश प्रजापति देवेंद्र भारती आदि लोग शामिल रहे

सिवान में मिला सात फीट लंबा मगरमच्छ

(आधुनिक समाचार सेवा)
मिर्जापु हलिया वन रेंज के खरिहट खुर्द गांव के सिवान में एक नाले के पास रविवार को सुबह करीब सात फीट लंबा मगरमच्छ दिखाई देने से ग्रामीणों में भय व्याप्त हो गया। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से मगरमच्छ को पकड़कर मेजा जलाशय में छोड़ दिया। खरिहट खुर्द गांव के सिवान में मवेशी चरा रहे लोगों को करीब सात फीट लंबा मगरमच्छ दिखाई दिया। मगरमच्छ देख सभी दहशत में शोर मचाने लगे। शोर सुन काफी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। ग्रामीणों ने मगरमच्छ की घेराबंदी कर इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलने पर रेंजर रामनारायण ने विभाग की टीम को तत्काल मौके पर भेजा। टीम में शामिल वन्य जीव रक्षक राणा प्रताप सिंह, सुरेंद्र सिंह, शीतला बख्स सिंह, रामदास ने ग्रामीणों की मदद से मगरमच्छ को पकड़कर बाद में उसे सुरक्षित मेजा जलाशय में छोड़ दिया।

आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने वाले दो व्यक्तियों कि हुई गिरफ्तारी

(आधुनिक समाचार सेवा)
सोनभद्र। अवगत कराना है कि थाना ओबरा पर मु0अ0सं0 186/2022 धारा-306 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया था। उक्त घटना में संलिप्त अभियुक्तगण की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह द्वारा निर्देशित किया था जिसके क्रम मे थाना ओबरा पुलिस द्वारा उक्त घटना में संलिप्त आरोपीगण को मुखबिर की सूचना पर ग्राम खैरटिया बंधी के पास से 02 नफर अभियुक्तगण 1. बसन्त गौड पुत्र भगवान दास 2. अमित पुत्र भगवान दास निवासी ग्राम खैरटिया, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। **नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगण-** 01. बसन्त गौड पुत्र भगवान दास, निवासी खैरटिया, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र। 02. अमित पुत्र भगवान दास, निवासी खैरटिया, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र। **गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-** 1- प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश कुमार मिश्रा, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र। 2- उ0नि0 श्रीराम यादव, थाना, ओबरा, जनपद सोनभद्र। 3- हे0का0 इन्द्रासन यादव, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र। 4- हे0का0 सुभाष यादव, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र।

सोने के लाखों के जेवर लेकर सोन ठगी करने वाला गैंग हुआं फरार

(आधुनिक समाचार सेवा)
सोनभद्र। भाजपा के उपाध्यक्ष पद पर कार्यरत धर्मवीर त्यागी के घर से आज शातिर चोरों ने घर में महिलाओं से सस्ते में सोना साफ़ करने कि बात कहे कर लाखों का सोना ठग ले गए यह मामला वार्ड नंबर 5पसियाना मोहाल राबर्ट्सगंज के बीजेपी के नगर उपाध्यक्ष धर्मवीर त्यागी के घर है धर्मवीर त्यागी ने बताया कि 12बजे अपाचे बाइक पर सवार दो युवक मेरे घर आए घर कि महिलाओं को बरगला कर एवं भ्रमित कर के पुराने गहने को चमकदार बना कर देंगे महिला उन दोनो ठगों के बात में फस कर गहने साफ करने को दे दिया ढगो ने सिर्फ डिब्बा थमा कर एक दो तीन हो कुछ दिन पूर्व भी चुर्क में भी एसी ही घटना को अन्जाम दिया गया था धर्मवीर त्यागी ने थाने में तहरीर देदी सोना एवं पीतल का समान तेजी से गैंग बना कर ढंग रहे हैं ढगी करने वाले दोनो व्यक्ति एवं बाइक कैमरे में कैद हो गई है।

दहेज उत्पीड़न में ससुराल वालों पर मुकदमा दर्ज

(आधुनिक समाचार सेवा)
मिर्जापुर। दहेज की मांग करने व प्रताडि़त किए जाने का आरोप लगाते हुए विवाहिता ने थाने में पति, ससुर, जेठ, जेठानी, ननद, देवर सहित छह लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस तहरीर के खिलाफ छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर इस मामले की जांच कर रही है। थानाध्यक्ष कुमुद शेखर सिंह ने बताया कि तहरीर में चौक बाजार क्षेत्र की महिला अंजनी केसरी ने वाराणसी के फरीदपुर रोहनिया निवासी अपने पति आनंद केसरी, ससुर बनारसी लाल केसरी, जेठ दीपू केसरी, जेठानी मंजीत केसरी, देवर अजीत केसरी, ननद अंजली केसरी के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया है। तहरीर में कहा गया है कि पीडि़ता की शादी 10 जुलाई 2016 को हिंदू रीति रिवाज से हुई थी। आरोप है कि वर पक्ष के लोगों ने दबाव बनाकर 10 लाख रुपये नकद दहेज में लिया गया। यह आरोप भी लगाया गया है कि पति और ससुराल के लोग बात-बात पर उसकी पिटाई करते हैं। उसे बिजली का झटका भी दिया जाता था। उत्पीड़न से तंग आकर एक माह के बच्चे को लेकर वापस मायका आ गई। इस बात को लेकर पंचायत हुई तो आरोपी ससुराल वालों ने 10 लाख नकद और एक चार पहिया वाहन की मांग की। नहीं देने पर विदाई कराकर ससुराल ले जाने से इंकार कर दिया। उन्होंने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर इस मामले की जांच की जा रही है।

रमीज राजा ने बताया- भारत और पाकिस्तान टीम में क्या है अंतर, प्लेइंग 11 को लेकर कही दिलचस्प बात

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली । एशिया कप 2022 में भारत का प्रदर्शन काफी खराब रहा। टूर्नामेंट शुरू होने से पहले भारतीय टीम इस ट्रॉफी की सबसे प्रबल दावेदार थी। सुपर-4 राउंड में पाकिस्तान और श्रीलंका से मिली हार ने भारतीय टीम की कई खामियों को उजागर कर दिया है। पाकिस्तान और श्रीलंका के खिलाफ खेले गए मैच के आखिरी ओवरों में भारत के गेंदबाजों ने काफी रन लुटाए, जिसकी वजह से दोनों रोमांचक मुकाबलों में भारतीय टीम को शिक्सत मिली। भारत और पाकिस्तान टीम के बीच रमीज राजा ने की तुलना भारत के एशिया कप से बाहर होने के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष और पूर्व क्रिकेटर रमीज राजा ने भारत और पाकिस्तान टीम के बीच तुलना करते हुए कहा, 'टीम इंडिया के मैनेजमेंट द्वारा खिलाडियों को अलग-अलग पोजीशन में खेलाने का प्रयोग विभल रहा और उन्हें ऐसा करना का खामियाजा भी

भुगतना पड़ा। रमीज राजा ने आगे कहा, 'जब से रोहित शर्मा कप्तान और राहुल द्रविड भारतीय टीम के हेड कोच बने है, तभी से टीम प्रबधन अलग-अलग रणनीति के साथ सामने आ रहे है । एशिया कप में भी कुछ ऐसा ही हुआ। इस टूर्नामेंट में भारतीय टीमों द्वारा खेले गए सभी 5 मैचों में अलग-अलग प्लेइंग 11 से साथ टीम मैदान में उतरी। वहीं, दूसरी तरफ इस टूर्नामेंट में पाकिस्तान ने प्लेइंग 11 से साथ ज्यादा छेड़छाड़ नहीं किया।हमेशा प्लेइंग 11 को बदलने की जरुरत नहीः रमीज राजा पाकिस्तान और श्रीलंका के फाइनल मैच से पहले रमीज राजा ने कहा, 'अगर कोई प्लेइंग 11 परिस्थितियों को संभालते हुए मैच जीत रही है तो टीम में बदलाव की क्या जरुरत है। रमीज राजा ने आगे कहा, 'भारत के पास कई खिलाड़ी मौजूद, जिसकी वजह से टीम में कई बदलाव किए जा रहे हैं। अगर आपके पास एक अच्छा प्लेइंग 11 है तो आप उसी टीम के साथ लगातार मैच खेलें।बता दें कि पाकिस्तान ने अपने एशिया कप 2022 के अभियान की शुरुआत 28 अगस्त को भारत के खिलाफ पांच विकेट से हार के साथ की थी। इसके बाद पाकिस्तान ने हांगकांग के खिलाफ 155 रन की जीत के साथ वापसी की। वहीं, सुपर-4 राउंड में पाकिस्तान ने पहले दो मैचों में जीत हासिल करते हुए फाइनल में जगह बना ली।

पुरस्कार जीतकर जिम्बाब्वे के इस खिलाड़ी ने रचा इतिहास

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली । जिम्बाब्वे के ऑलराउंडर सिकंदर रजा को आइसीसी प्लेयर मेंस प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड से नवाजा गया है। वह जिम्बाब्वे के पहले ऐसे क्रिकेटर बने है जिन्हें यह अवॉर्ड मिला हो। रजा कई दिग्गज खिलाडि़यों को पीछे छोड़ते हुए इस अवॉर्ड पर कब्जा जमाया है। उन्होंने इस कैटेगेरी के लिए नामांकित न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर मिचेल सेंटनर और इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स को पीछे छोड़कर इस पर कब्जा जमाया है। सिकंदर रजा ने इस महीने में तीन सेंचुरी लगाई थी और मौजूदा साल में वह शानदार फॉर्म में हैं। इस उपलब्धि के साथ ही रजा इस अवॉर्ड को पाने वाले एलीट ग्रुप में शामिल हो गए है। इस सम्मान के बाद सिकंदर रजा ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ठमैं आईसीसी द्वारा प्लेयर ऑफ द

मंथ का अवॉर्ड जीतने के लिए अविश्वसनीय रूप से विनम्र और सम्मानित महसूस कर रहा हूं साथ ही मुझे इस बात की ज्यादा खुशी है कि मैं यह पुरस्कार जीतने वाला जिम्बाब्वे का पहला हूं मैं उन सभी को धन्यवाद देना चाहता हूं जो पिछले तीन से चार महीनों में मेरे साथ चेंजरूम में रहे है - यह अवॉर्ड उन तकनीकी कर्मचारियों और खिलाडि़यों को भी जाता है जो इस दौरान मेरे साथ रहे। आप लोगों के बिना यह संभव नहीं होता। तीन खिलाड़ी हुए थे नॉमिनेट इस अवॉर्ड के लिए सिकंदर रजा के अलाव दो और खिलाड़ी को नॉमिनेट किया गया था। रजा के अलावा मिचेल सेंटनर और इंग्लैंड टेस्ट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स भी इस अवॉर्ड के लिए नॉमिनेट हुए थे। स्टोक्स ने आइसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्लूटीसी) के दूसरे टेस्ट में ओल्ड ट्रैफर्ड में अपने बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर मैच जीताकर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मेजबान टीम की तीन मैचों की श्रृंखला को 1-1 से बराबरी कराया था जबकि सेंटनर ने नीदरलैंड और वेस्टइंडीज के हाल के दौरों के दौरान अच्छा प्रदर्शन किया था।

उत्तर और पश्चिम क्षेत्र दलीप ट्रॉफी के सेमीफाइनल में पहुंचे

(आधुनिक समाचार सेवा)

पुडुचेरी। उत्तर और पश्चिम क्षेत्र की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रविवार को दलीप ट्राफी के सेमीफाइनल में जगह बनाई। युवा सलामी बल्लेबाज यश ढुल के बड़े

शतक की मदद से उत्तर क्षेत्र ने पूर्व क्षेत्र के विरुद्ध ड्रा पर समाप्त हुए मैच में पहली पारी की बढ़त के आधार पर अंतिम-चार में प्रवेश किया। यश ढुल ने 193 रन बनाए जबकि ध्रुव शारी (81), हिमांशु राणा (81) और कप्तान मनदीप सिंह (63) ने अर्धशतक लगाए जिससे उत्तर क्षेत्र ने आखिरी सात विकेट 66 रन के अंदर गंवाने के बावजूद 545 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया और पहली पारी में 148 रन की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की। पूर्व क्षेत्र ने अपनी पहली पारी में 397 रन बनाए थे।उत्तर क्षेत्र ने मैच के चौथे और अंतिम दिन रविवार की सुबह चार विकेट पर 333 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई। हिमांशु और मनदीप के बीच 131 रन की साझेदारी टूटने के बाद उत्तर क्षेत्र की पारी सिमटने में देर नहीं लगी।पूर्व क्षेत्र की तरफ से बाएं हाथ के स्पिनर शाहबाज अहमद ने 86 रन देकर पांच विकेट लिए। जब मैच ड्रॉ पर समाप्त करने का फैसला किया गया तब पूर्व क्षेत्र ने अपनी दूसरी पारी में तीन विकेट पर 102 रन बनाए थे। उसकी पारी का आकर्षण अभिषेक पोरल (नाबाद 50) का अर्धशतक रहा।अन्य मैच में पश्चिम क्षेत्र ने क्वार्टर फाइनल में पूर्वोत्तर क्षेत्र पर पहली पारी की बड़ी बढ़त के आधार पर सेमीफाइनल का टिकट पक्का किया। पश्चिम क्षेत्र ने दिन का खेल को रोके जाते समय शनिवार को दूसरी पारी में 64.3 ओवर में पांच विकेट पर 286 रन बनाकर अपनी कुल बढ़त 623 रन की कर ली थी। उस समय अतित सेठ 102 और जयदेव उनादकट एक रन बनाकर खेल रहे थे। टीम के लिए शम्स मुलानी ने 97 रन की पारी खेली। मैच के आखिरी दिन रविवार को दूसरी पारी में 12 रन पर एक विकेट से आगे खेलते हुए टीम ने राहुल त्रिपाठी (24) और हार्दिक तामोरे (24) के विकेट जल्दी-जल्दी गंवा दिए। दोनों को दिप्पू संगमा (3/70) ने चलता किया। चिराग जानी (04) भी ज्यादा देर क्रीज पर नहीं टिक सके और विश्वोर्जित सिंह (2/39) की गेंद पर बोल्ड हो गए। इस समय टीम का स्कोर चार विकेट पर 65 रन था। इसके बाद सेठ और मुलानी ने पांचवें विकेट के लिए 179 रन की साझेदारी कर बल्लेबाजी का अच्छा अभ्यास किया। मुलानी ने 115 गेद की पारी में 12 चौके लगाए तो प्रथम श्रेणी में अपना दूसरा शतक जड़ने वाले सेठ ने 101 गेंद की नाबाद पारी में 10 चौके और एक छक्का लगाया। इससे पहले पश्चिम क्षेत्र ने मैन ऑफ द मैच यशस्वी जायसवाल (228) और कप्तान अजिंक्य रहाणे (नाबाद 207) के दोहरे शतकीय पारी के अलावा पृथ्वी शा की 113 रन की पारी के दम पर दो विकेट पर 590 रन पर पारी घोषित की थी।

हार के बाद भारतीय कप्तान हरमनप्रीत बोली खेलने के लिए उपयुक्त नहीं था मैदान

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली । भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने यहां शुरूआती टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में इंग्लैंड से मिली नौ विकेट की हार के बाद कहा कि मैदान खेलने

के लिए सौ प्रतिशत फिट नहीं था। गीला होने के कारण टीम के लिए खेलना बेहद मुश्किल हो गया था। शनिवार को 3 मैचों की टी20 सीरीज के पहले मुकाबले में भारतीय महिला टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 132 रन बनाए, जहां आलराउंडर दीप्ति शर्मा ने सबसे ज्यादा 29 रन की पारी खेली। इंग्लैंड ने 133 रनों के लक्ष्य को 1 विकेट खोकर केवल 13 ओवर में हासिल कर लिया। इंग्लैंड की गेंदबाज सारा ग्लेन ने 4 विकेट लिए और भारतीय बल्लेबाजी की कमर तोड़कर रख दी। बल्लेबाजी में सोफिया डंकली ने 61 रनों की नाबाद अर्धशतकीय पारी खेली। वहीं, एलिस कैपसे भी पीछे नहीं रहीं और नाबाद 20 गेंदों पर 32 रन की पारी खेली। वहीं, डैनियल वेट 16 गेंदों पर 24 रन बनाकर रन आउट हो गई। तीनों बल्लेबाजों की मदद से टीम ने आसानी से 13 ओवर में मैच जीत लिया। हरमनप्रीत ने मैच के बाद कहा कहा, ठमुझे लगता है कि अंत में हम उतने रन नहीं बना पाए जितनी हम उम्मीद कर रहे थे। यही कारण है कि टीम में रन बनाने वाले खिलाड़ी होने चाहिए, जो किसी भी परिस्थिति में स्कोर कर सकें और जिस तरह से हमने अपने प्रयास किए, उससे मैं खुश हूं।ठ स्मृति मंधाना (23), हरमनप्रीत (20) और दीप्ति शर्मा (नाबाद 29) के अलावा कोई अन्य खिलाड़ी क्रीज पर नहीं टिक सका। हरमनप्रीत ने आगे कहा, ठजिस तरह से हम प्रयास करने की कोशिश कर रहे थे वह बहुत मायने रखता है।

इंग्लैड ने साउथ अफ्रीका को तीसरे टेस्ट में 9 विकेट से हराया, 2-1 से जीती सीरीज

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली । इंग्लैंड क्रिकेट टीम ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली है। पहला मुकाबला हारने के बाद लगातार दो मुकाबले जीतकर मेजबान टीम ने सीरीज अपने नाम की। आखिरी मैच में साउथ अफ्रीका की टीम पहली पारी

में 118 और दूसरी पारी में महज 169 रन पर सिमट गई। पहली पारी में इंग्लैंड ने 158 रन बनाए थे जबकि दूसरी पारी में जीत के लिए मिले 130 रन के लक्ष्य को 1 विकेट गंवाकर हासिल किया ओवल टेस्ट में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया था। ओली रोबिन्सन के 5 और स्टुअर्ट ब्रॉड के 4 विकेट के दम पर साउथ अफ्रीका की पारी को 118 रन पर इंग्लैंड ने समेट दिया। जवाब में ओली पोप के 67 रन की बदौलत 158 रन बनाते हुए 40 रन की अहम बढ़त हासिल की। दूसरी पारी में भी प्रोटियाज टीम का बल्लेबाजी नहीं चली और पूरी टीम महज 169 रन ही बना पारी। इंग्लैंड की तरफ से इस पारी में कप्तान बेन स्टोक्स और स्टुअर्ट ब्रॉड ने 3-3 विकेट चटकाए जबकि जेम्स एंडरसन और ओली रोबिन्सन ने 2-2 विकेट हासिल किए। 130 रन के आसान लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड के लिए जैक क्राउले ने 69 रन की नाबाद पारी खेली जबकि एलेक्स लीस ने 39 रन का योगदान दिया। 22.3 ओवर में चौथे दन ही लक्ष्य हासिल कर इंग्लैंड ने मुकाबला अपने नाम कर लिया। मैच में पहले दो दिन का खेल नहीं हो पाया था।

चोटिल रोहन बोपन्ना डेविस कप मुकाबले से हटे, अंकिता रैना के सामने मारिया की चुनौती

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली । दिग्गज डबल्स विशेषज्ञ रोहन बोपन्न घुटने की चोट के कारण नार्वे के विरुद्ध भारत के आगामी डेविस कप टेनिस मुकाबले से हट गए। भारत 16 और 17 सितंबर को नार्वे में डेविस कप के मुकाबले खेलेगा। टीम के अन्य सदस्य सुमित नागल,

रामकुमार रामनाथन, प्रजनेश गुणेश्वरन, युकी भांबरी और मुकुंद शशिकुमार हैं। रोहन बोपन्न ने ट्विटर पर लिखा, 'देश के प्रतिनिधित्व को लेकर मेरे निरंतर प्रेम और समर्पण के बीच इस सप्ताह मुझे नार्वे के विरुद्ध डेविस कप मुकाबले से हटने का मुश्किल फैसला करना पड़ा। मेरे घुटने में सूजन है और मुझे फिर से प्रतिस्पर्धा शुरू करने से पहले आराम करने की सलाह दी गई है।' अभी यह देखा जाना बाकी है कि रोहन बोपन्न के स्थान पर साकेत मायनेनी को डबल्स मुकाबले के लिए चुना जाता है या नहीं। मायनेनी ने हाल ही में चैलेंजर स्तर पर युकी भांबरी के साथ सफल जोड़ी बनाई है। भारत की शीर्ष सिंगल्स खिलाड़ी अंकिता रैना सोमवार से शुरू हो रहे चेनन्ई ओपन डब्लूटीए 250 टेनिस टूर्नामेंट के सिंग्लस मुख्य ड्रा के पहले दौर में विश्व रैंकिंग में 85वें स्थान पर काबिज जर्मनी की चौथी वरीयता प्राप्त ततयाना मारिया से भिड़ेंगी। विश्व रैंकिंग में 139वें स्थान पर काबिज रैना और रैंकिंग के मामले में देश की दूसरी शीर्ष खिलाड़ी करमन कौर थांडी को वाइल्ड कार्ड से मुख्य ड्रा में प्रवेश मिला है। विश्व रैंकिंग में 365वें स्थान पर काबिज करमन के सामने पहले दौर में फ्रांस की आठवीं वरीयता प्राप्त क्लो पेक्वेट की चुनौती होगी।

वर्ल्ड नंबर एक स्वियातेक ने जीता अपना पहला यूएस ओपन खिताब

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली । महिलाओं में विश्व की नंबर एक खिलाड़ी पोलैंड की इगा स्वियातेक ने ट्यूनिशिया की ओंस जेब्यूर को हराकर अपना पहला यूएस ओपन खिताब जीत लिया है। स्वियातेक ने जेब्यूर को 6-2 7-6 (7-5) से हराया। एकतरफा पहले सेट के बाद, 28 वर्षीय जेब्यूर ने दूसरे सेट में वापसी का खिताब अपने नाम किया है। इस जीत के साथ ही अब तक हुए दोनों के बीच मैच में स्वियातेक ने बढ़त बना ली है। इस जीत के साथ दोनों के बीच करियर रिकॉर्ड 3-2 हो गया है।स्वियातेक दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी बनी हुई है, और अगर वह हार गई होती तो भी उनकी रैंकिंग में कोई फर्क नहीं पड़ता। जबकि जेब्यूर फाइनल

की कोशिश की लेकिन यह स्वियातेक को तीसरा बड़ा खिताब जीतने से रोकने के लिए काफी नहीं था। इससे पहले उन्होंने दो बार फ्रेंच ओपन का खिताब जीता था लेकिन यह पहला मौका है जब वह यूएस ओपन जीतने में कामयाब रही। स्वियातेक की पिछली दो जीत फ्रेंच ओपन में आई थी लेकिन पहली बार उन्होंने यूएस ओपन में पहुंचने के बाद अपने करियर की सर्वश्रष्ठ रैंकिंग दूसरे स्थान पर पहुंच गई हैं।इस बड़ी जीत के बाद स्वियातेक ने कहा कि मुझे वास्तव में तैयार रहने और लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करने की ज़रूरत थी, यह न्यूयॉर्क है, यह फैंस बहुत क्रेजी हैं। मुझे बहुत गर्व है कि मैं इसे मानसिक रूप से संभाल सकी।

19 वर्षीय कार्लोस बने यूएस ओपन चैंपियन, सबसे कम उम्र में नंबर वन बनने का रिकॉर्ड भी बनाया

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली । स्पेन के 19 वर्षीय खिलाड़ी कालीस अल्काराज ने अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीत लिया है। रविवार को खेले गए यूएस ओपन के फाइनल मुकाबले में उन्होंने नॉर्वे के कास्पर रूड को 6-4, 2-6, 7-6(1), 6-3 से हरा दिया। जीत से उत्साहित कालीस ने कहा कि ठयह एक ऐसी उपलब्धि है जिसका सपना मैंने बचपन से देखा था कि मैं वर्ल्ड नंबर वन बनूं और ग्रैंड स्लैम चैंपियन बनूं। मैंने अपनी टीम के साथ, अपने परिवार के साथ जितनी मेहनत की है। मैं सिर्फ 19 साल का हूं, इसलिए सभी कड़े फैसले मेरे माता-पिता और मेरी टीम लेती है। यह जीत मेरे लिए बेहद खास

है।इस उपलब्धि के साथ ही वह वर्ल्ड रैंकिंग में नंबर वन रहने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं। आपको बता दें कि एटीपी रैंकिंग की शुरुआत 1973 में हुई थी और तब से लेकर अब तक के वह सबसे युवा खिलाड़ी हैं जो नंबर वन बने है। उन्होंने रूस के खिलाड़ी डेनियल मेदवदेव को हटाकर नंबर वन की कुर्सी हासिल की है। इसके साथ ही उन्होंने लेटन हेविट के रिकार्ड को तोड़ दिया है। हेविट 2001 में 20 वर्ष की उम्र में नंबर वन बने थे।अल्काराज ने दो हफ्तों तक चले इस टूर्नामेंट में अपनी एक्रोबैटिक शॉट से सबका दिल जीत लिया। अपने सात मैचों में 23 घंटे 40 मिनट कोर्ट पर बिताने वाले अल्करज ने कहा, मैं हमेशा कहता हूं कि ग्रैंड स्लैम या किसी टूर्नामेंट के अंतिम दौर में थकने का समय नहीं है।

राशिफल

मेष-:स्वास्थ्य संबंधी समस्या निकट है, इसलिए नियमित व्यायाम को दिनचर्या में शामिल करें और विश्वास करें कि इलाज से पहले सावधानी बरतना बेहतर है

वृष-:आज का दिन आपके लिए मंगलमय रहेगा। आज आपके रचनात्मक कार्यों में नाम होगा और आपको प्रसिद्धि भी मिलेगी। आज आप अपने मन के अनुसार निर्णय लेंगे।

मिथुन-:आज का दिन भावनात्मक रहेगा. आप खुद को अपनी अंतरतम भावनाओं और विचारों को व्यक्त करने की स्थिति में भी पा सकते हैं। घरेलू काम थकाने वाले होंगे।

कर्क-:जीवनसाथी का प्यारा व्यवहार आपका दिन खुशनुमा बना सकता है. आज अपने ख़र्चों पर नियंत्रण रखें से ख़र्च करने से बचें। भावनात्मक रूप से जोखिम उठाना आपके पक्ष में जाएगा।

सिंह-:आज आप जिस काम को पूरा करना चाहते हैं वह आसानी से पूरा हो जाएगा. किसी महत्वपूर्ण कार्य के पूर्ण होने पर बधाई देने के लिए लोगों का आना-जाना रहेगा।

कन्या-:आज आप सभी परेशानियों और चिंताओं को पीछे छोड़कर अपने परिवार के साथ कुछ समय बिताना चाहेंगे. आज आपका जाता हुआ दिखाई देगा जिसके बारे में आपने सोचा भी नहीं होगा।

तुला-:किसी मित्र की उदासीनता आपको परेशान करेगी. लेकिन अपने आप को शांत रखें। इसे समस्या न बनने दें और इससे बचने की कोशिश करें।

वृश्चिक-:आज भाग्य आपका पूरा साथ देगा। जिन चीजों के लिए आप लंबे समय से प्रयास कर रहे थे, आज वो पूरी होने वाली हैं। जो प्रयास आपने अपनी ओर से व्यर्थ समझे थे।

धनु-:आज भौतिक सुख-सुविधाओं की ओर रुझान बढ़ेगा. जीवनसाथी के साथ वैचारिक मतभेद रहेंगे। आत्मबल में वृद्धि होगी। पारिवारिक समस्याओं से आज विचलित हो सकता है।

मकर-:खुद पर हद से ज्यादा दबाव न डालें और पर्याप्त आराम करें. रियल एस्टेट से जुड़े निवेश आपको अच्छा मुनाफा देंगे। आपका अडियल रवैया घर में लोगों का दिल दुखा सकता है।

कुंभ-:आज आपका झुकाव अध्यात्म की ओर रहेगा, मंदिर जाने या कोई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बना सकते हैं. आज आपको खुशी पाने के लिए अपने स्वभाव में थोड़ा लाने की जरूरत है

मीन-:आज आपको कार्यक्षेत्र में सुख-समृद्धि की प्राप्ति होगी. परिवार और जीवन साथी का सहयोग मिलने की संभावना है। हालांकि छात्रों को अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए थोड़ी अधिक मेहनत करनी पड़

सम्पादकीय

किसी से न डरने वाले आंदोलनवीर, और अग्निवीरों की भर्ती करने की क्या जरूरत

देश में कुछ खुशकिस्मत ऐसे भी हैं जिन्हें पनपने, फलने-फूलने के लिए किसी सहारे की जरूरत नहीं। वे पैदायशी निडर होते हैं। कानून की कुल्हाड़ी उनकी जड़ पर जितनी गहरी चोट करती है, उनकी हिम्मत उतनी ही बढ़ती जाती है। पूरा देश मुंह बाए उनकी काली करतूतों को उजागर होते देखकर उम्मीद लगाता है कि अब वे त्राहिमाम की टेर लगाते हुए किसी अंधेरे कोने में मुंह छिपाते नजर आएंगे, लेकिन उनकी प्रतिक्रिया ठीक उलटी होती है। वे शहरों के मुख्य चौराहों पर पालथी मार कर बैठ जाते हैं और झूठी अकड़ की जीती-जागती प्रतिमा बन जाते हैं। वे कभी संसद तो कभी विधानसभा के सामने प्रतिष्ठित महात्मा गांधी की मूर्ति के सामने खड़े होकर बापू को सत्य और अहिंसा के बोझ से झुके देखकर आश्चर्य करते हैं कि वह उनकी तरह निडर क्यों न हुए फिर उस मूर्ति के सामने संवाददाताओं की भीड़ इकट्ठा करके वे दहाड़ने लगते हैं- बापू को छोड़ो, हम जैसों को देखो, जो किसी से नहीं डरते।शास्त्रीय संगीत के बड़े-बड़े गायक तार सप्तक में तान सुनाते हुए जब अपनी आंखें मूंद लेते हैं तो उनके अपने स्वर उनके दिलोदिमाग पर छा जाते हैं। वे स्वरब्रह्म के नाद में लीन हो जाते हैं तो उन्हें और कुछ दिखना बंद हो जाता है। उसी तरह अपनी दहाड़ की अनुगूंज पर रीझे हुए इन जांबाजों को समाचार पत्रों के पहले पृष्ठ पर सुखिऱ्यों के साथ प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी के छापों में मिले करोड़ों रुपये के बंडल और हीरे-मोती जड़े स्वर्णाभूषणों के जखीरों की तस्वीरें दिखनी बंद हो जाती हैं।समाचार चैनलों द्वारा टीवी स्क्रीन पर दिन-रात दिखाई जा रही महानगरों के सबसे महंगे लक्जरी फ्लैट की दीवारों पर लटके उनके और उनके छोटे-मोटे कारिंदों के नाम की तख्तियां उन्हें चतुर बुनकरों द्वारा बुने जा रहे तथाकथित पारदर्शी वस्त्र की तरह दिखाई नहीं देतीं, भले हर बच्चा चीख कर कह रहा हो कि राजा नंगा है। व्हीलचेयर में बैठकर भी उनके होंठों पर एक ही नारा होता है, 'हम किसी से नहीं डरते।' वे अपने इर्दगिर्द अपने जैसी ही भीड़ इकट्ठी करने में सिद्धहस्त होते हैं।उनके चेलों और किराये के टट्टुओं की भीड़ भी बेधड़क होती है। वह पुलिस द्वारा खड़ी की गई बैरिकेड पर चढ़ जाती है और उसे तोड़ती है। बसों और रेलगाड़ियों को फूंक डालती है। निजी और सरकारी संपत्तियों को तहस-नहस करने में कोई भेदभाव नहीं बरतती। 'हम किसी से नहीं डरते' का मंत्र जपती हुई इस भीड़ को सेना में भर्ती करके चीन के साथ लगने वाली देश की सीमाओं पर भेजा जाता तो शायद डोकलाम और गलवन घाटी में चीनी सैनिक एक-एक कदम फूंककर उठाते। जब इतनी बड़ी संख्या में आंदोलनवीर उपलब्ध हैं तो और अगिन्वीरों की भर्ती करने की क्या जरूरत, यह रक्षा मंत्रालय के लिए एक मौजूं सवाल है अगिन्पथ पर चलने वाले इन साहस के पुतलों के दिल केवल अपनी निजी समृद्धि बढ़ाने के लिए धड़कते हैं। अपने दिल की धड़कन के आगे उन्हें किसी कानून, कोर्ट, कचहरी की पुकार नहीं सुनाई पड़ती। काश इन बेधड़क खिलाड़ियों को कामनवेल्थ खेलों में भाग लेने के लिए भेजा जाता। वहां हर तरह की बाधा दौड़ के ऊपर से ऊंची छलांग मारने के प्रयतन में वे चोटिल हो जाने पर भी अपनी हार कभी नहीं मानते। ऐसी अद्भुत बहादुरी और मानसिक बल का प्रदर्शन करके वे जाने कितने स्वर्ण पदक लाते। अफसोस कि निजी संपदा के अर्जन में माहिर इन बेधड़क वीरों के दिल कामन वेल्थ अर्थात साझा संपदा के लिए धड़कना नहीं जानते। ईडी अपनी आवाज को भरसक सुरीली बनाकर उनसे कहता रहता है, 'दिल धड़क-धड़क के कह रहा है आ भी जा, तू मुझसे आंख ना चुरा, तुझे कसम है आ भी जा', लेकिन वे सौ बहाने बनाकर उससे दूरी बनाए रखते हैं। अंततः जब अदालतों के आदेश के सहारे ईडी उन्हें अपने आगोश में बांध पाती है तो उसके नागपाश में बंधे-बंधे भी उनके होंठों से बस एक ही बात निकलती है कि वे बेधड़क हैं। वे किसी से डरते नहीं, क्योंकि जो डर गया सो मर गया।

आरक्षण की समग्र समीक्षा का समय उच्चतम न्यायालय की पहल स्वागतयोग्य

देश के मुख्य न्यायाधीश यूयू ललित की अध्यक्षता वाली उच्चतम न्यायालय की पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को दस प्रतिशत आरक्षण देने वाले कानून की संवैधानिकता की पड़ताल करने का निणर्य किया है। उल्लेखनीय है कि 2019 में संसद ने 103वें संविधान संशोधन द्वारा आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के लिए शैक्षणिक संस्थानों और नौकरियों में दस प्रतिशत आरक्षण का प्रविधान किया था। इस कानून के खिलाफ कई लोगों और संस्थाओं ने उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर करते हुए इसे संविधान के मूल ढांचे और भावना के प्रतिकूल बताया था। इन याचिकाओं की सुनवाई के लिए उच्चतम न्यायालय ने अटार्नी जनरल केके वेणुगोपाल द्वारा प्रस्तावित तीन प्रशनें पर विचार का निणर्य किया है। क्या 103वां संविधान संशोधन संविधान के मूल ढांचे के विरुद्ध है? क्या यह गैर-सरकारी सहायता प्राप्त अथवा निजी शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश के लिए आरक्षण का प्रविधान करने के कारण संविधान की मूल भावना का उल्लंघन करता है? क्या यह आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग को दिए गए आरक्षण में अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों को शामिल न करने के कारण असंवैधानिक है आधारउच्चतम न्यायालय की पहल स्वागतयोग्य है, लेकिन उसे कुछ अन्य प्रशनें पर भी ध्यान देना चाहिए, जैसे कि जब अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण की पात्रता संबंधी क्रीमी लेयर के निर्धारण में केवल परिवार की आय को आधार बनाया गया है तो आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग के आरक्षण की पात्रता तय करने में परिवार के साथ स्वयं अभ्यर्थी की आय को भी आधार क्यों बनाया गया है? एक प्रशन यह भी है कि अन्य पिछड़ा वर्ग की तरह अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आरक्षण में क्रीमी लेयर का प्रविधान क्यों नहीं किया जाना चाहिए? अन्य पिछड़े वर्गों के साथ अनुसूचित जातियों एवं जनजातियों का सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक पिछड़ेपन के आधार पर उपविभाजन क्यों नहीं किया जाना चाहिए? क्या जाति आधारित आरक्षण से समाज की जाति-चेतना प्रबल और प्रगाढ़ नहीं हो रही है? आरक्षण का लाभ लेने वालों की आगामी पीढ़ियों को आरक्षण-लाभ से वंचित क्यों नहीं किया जाना चाहिए? इसी के साथ यह भी देखा जाना चाहिए कि आरक्षित पद खाली क्यों पड़े रहते हैं वर्तमान आरक्षण व्यवस्था से वांछित परिणाम प्राप्त न होने के दो बड़े कारण हैं। पहला, आरक्षण सामाजिक-आर्थिक सशक्तीकरण का उपकरण बनने से अधिक वोटबैंक का विषय बन गया है। दूसरा, यह सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक पदानुक्रम में ऊंचे पायदान पर बैठे लोगों की विशेषाधिकारवादी मानसिकता का शिकार हो गया है, क्योंकि पिछले एक-दो दशकों में दलित-पिछड़ी जातियों में भी एक संपनन वर्ग उभरा है। वर्तमान आरक्षण व्यवस्था की विसंगतियां सबके सामने स्पष्ट हैं, लेकिन उन पर विचार करने की कोई ठोस पहल नहीं हो रही है। जैसे हर व्यवस्था अथवा नियम-कानून की समय-समय पर समीक्षा होती है, वैसे ही आरक्षण की क्यों नहीं हो सकती? आरक्षण की समीक्षा इसलिए आवश्यक है ताकि इसका पता लगाया जा सके कि उसका अपेक्षित लाभ उन तबकों को मिल रहा है या नहीं, जिनके लिए वह लाया गया था। जाति आधारित आरक्षण की सबसे बड़ी विसंगति यह है कि उसका लाभ कुछ ही जातियों तक सिमट कर रह गया है और पात्र लोग उसका फायदा नहीं उठा पा रहे हैं। इसीलिए रोहिणी आयोग की आरक्षण के वर्गीकरण संबंधी संस्तुतियों को यथाशीघ्र लागू किया जाए, ताकि पिछड़ों में अति पिछड़ों को भी आरक्षण का लाभ मिले सके। इसी तरह का वर्गीकरण अनुसूचित जातियों और जनजातियों को मिल रहे आरक्षण में भी किया जाना चाहिए। जब पात्र लोगों को ही आरक्षण मिलने की व्यवस्था बनाई जाएगी, तभी वे मुख्यधारा में शामिल हो सकेंगे। इसी प्रकार आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग के आरक्षण की सबसे बड़ी विसंगति यह है कि इसमें अभ्यर्थी की भी आय और संपत्ति को पात्रता निर्धारण का आधार बनाने से प्रारंभिक स्तर पर तो आवेदक मिल रहे हैं, लेकिन ऊपर के पदों की रिक्तियां खाली पड़ी हैं, क्योंकि उनके लिए अनुभव आवश्यक अर्हता है। इसलिए आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण लागू होने के बाद से इस प्रकार की अनुभव आधारित सभी दस प्रतिशत सीटें खाली पड़ी हैं। एक विसंगति यह भी है कि आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के आरक्षण की पात्रता निर्धारण के लिए आय में कृषि आय को जोड़ा गया है और संपत्ति (कृषि भूमि, आवासीय/व्यावसायिक भूखंड आदि) को भी आधार बनाया गया है, जबकि अन्य पिछड़े वर्ग के लिए 'क्रीमी लेयर' निर्धारण में न तो कृषि आय को जोड़ा जाता है और न ही संपत्ति को आधार बनाया जाता है। संप्रति आधुनिक एवं उपभोक्तावादी समाज में व्यक्ति के सम्मान-स्वीकार्यता का प्राथमिक आधार उसकी आर्थिक स्थिति है। बाजार क्रय शक्ति के आधार पर व्यक्ति का मूल्यांकन करता है। इसलिए उच्चतम न्यायालय को इन सामाजिक परिवर्तनों और प्रशनें का भी संज्ञान लेना चाहिए। इस विषय में किसी भी राजनीतिक दल से न्यायसम्मत और तार्किक पहल की उम्मीद नहीं, क्योंकि आरक्षण राजनीतिक हथियार बन गया है। ऐसे में उच्चतम न्यायालय को आरक्षण व्यवस्था की समस्त विसंगतियों का स्वतः संज्ञान लेकर उसकी समग्र-समीक्षा करनी चाहिए। संविधान के अनुच्छेद 330 एवं 332 में आरक्षण की समीक्षा और प्रभावशीलता के आकलन का उल्लेख है। तभी हम संविधान निर्माताओं की भावना के अनुरूप सामाजिक न्याय और आर्थिक समता सुनिश्चित कर सकेंगे।

भावी पीढ़ी पर मंडराता खतरा, परिवार, स्कूल एवं समाज में निरंतर संवाद के अभाव से दबाव में बच्चे

कोरोना के प्रभाव को लेकर देश में विगत दो वर्षों में अनेक सर्वेक्षण हुए, जिनके निष्कर्ष बताते हैं कि इसने देश के आम जनजीवन के साथ शिक्षा, शिक्षण और छात्रों को भी काफी हद तक प्रभावित किया है। छात्र चूंकि संपूर्ण शिक्षा व्यवस्था के आधार स्तंभ हैं, इसलिए उन पर पड़ने वाला प्रभाव देश और समाज को भी प्रभावित करता है। इसी संदर्भ से जुड़ा एक प्रमुख सर्वेक्षण राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा देश के 36 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में 3.79 लाख छात्रों पर किया गया है। यह सर्वेक्षण एनसीईआरटी की मनोदर्पण इकाई द्वारा जनवरी-मार्च 2022 में कक्षा छह-आठ तथा नौ-12 के छात्रों के बीच दो श्रेणियों में किया गया था। इसमें सामने आया कि देश के 33 प्रतिशत यानी एक तिहाई छात्र परीक्षा और उसके परिणाम की चिंता को लेकर हमेशा दबाव में रहते हैं।51 प्रतिशत छात्र आज भी आनलाइन पढ़ाई में कठिनाई महसूस करते हैं। 81 प्रतिशत छात्र पढ़ाई, परीक्षा और परिणाम को लेकर अधिक चिंतित रहते हैं। हालांकि 73 प्रतिशत छात्र स्कूली जीवन से संतुष्ट दिखाई दिए। बदलाव के साथ समायोजन को लेकर 43 प्रतिशत छात्रों ने अपनी सकारात्मक सहमति जताई। वहीं 45 प्रतिशत छात्र शारीरिक छवि को लेकर तनाव से ग्रस्त पाए गए। यहां छात्रों ने यह भी स्पष्ट किया कि वे अपने इस तनाव प्रबंधन के लिए योग एवं ध्यान के साथ-साथ अपने सोच में बदलाव करने और जर्नल्स लिखने जैसे माध्यमों का प्रयोग करते हैं। इसके अलावा बच्चों में इस मैकाले शिक्षा व्यवस्था के जरिये पनपने वाली कुंठा और ईर्ष्या के चलते शिक्षा के मंदिरों में हिंसा की घटनाएं भी किसी से छिपी नहीं हैं। वास्तव में बच्चों पर इस मानसिक दबाव के लिए इस शिक्षा प्रणाली के साथ-साथ परिवार और समाज का प्रतिस्पर्धी माहौल भी कम दोषी नहीं है। भारतीय सामाजिक ढांचे में आ रहे सतत बिखराव, संयुक्त परिवार प्रणाली का विखंडन, नगरों में मां-बाप दोनों का कामकाजी होने जैसे कारणों से बच्चे परिवारों में लगातार उपेक्षा के शिकार हो रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने किया वर्ल्ड डेयरी समिट का उदघाटन

48 साल बाद भारत का मिला सुनहरा मौका

नोएडा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्ल्ड डेयरी समिट में हिस्सा लेने ग्रेटर नोएडा पहुंचे। तकरीबन 48 साल के बाद भारत को इस समिट की मेजबानी करने का मौका मिला है। चार दिवसीय कार्यक्रम में दुग्ध उत्पादन से जुड़े कई कार्यक्रम आयोजित होंगे। देश-विदेश के 156 विशेषज्ञ इस सम्मलेन को संबोधित करें गे। इससे किसानों को अत्याधुनिक जानकारी मिल सकेगी। समिट को संबोधित करते हुए पशुपालन मंत्री पुरुषोत्तम रुपाला ने संबोधित किया। उनके उद्घाटन संबोधन के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समिट का उद्घाटन किया। शुरुआत में पीएम मोदी ने एक शॉर्ट फिल्म भी जारी की। पीएम मोदी ने इस मौके पर बताया कि टेक्नोलॉजी के माध्यम से तकरीबन 74 लाख किसान जुड़े हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ल्ड डेयरी समिट को संबोधित करते हुए इस क्षेत्र में भारत के दबदबे का उल्लेख किया। इससे पहले पशुपालन मंत्री पुरुषोत्तम रुपाला ने बताया कि 4 दिवसीय इस वैश्विक सम्मेलन में कुल 24 सेशन होंगे और जिन्हें 156 विशेषज्ञ संबोधित करेंगे। पीएम मोदी ने समिट के पहले दिन अपने संबोधन में बताया कि दुनिया भर में डेयरी सेक्टर 2 फीसद की रफ्तार से बढ़ रहा है, जबकि भारत में यह सेक्टर 6 प्रतिशत की रफ्तार से बढ़ रहा है। उन्होंने इस सेक्टर में महिलाओं की भूमिका के बारे में भी जानकारी दी. उन्होंने बताया कि डेयरी सेक्टर में काम करने वाले कुल वर्कफोर्स में 74 फीसद महिलाएं हैं। पीएम मोदी ने वर्ल्ट डेयरी समिट में पशु आधार योजना का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि पशुओं का डेटाबेस तैयार करने के लिए पशु आधार योजना चलाई जा रही है। उन्होंने आगे बताया कि डेयरी सेक्टर का सामर्थ्य न सिर्फ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देता है, बल्कि ये दुनिया भर में करोड़ों लोगों की आजीविका का भी प्रमुख साधन है। पशुओं का तैयार हो रहा डेटाबेस पीएम मोदी ने वर्ल्ट डेयरी समिट में पशु आधार योजना का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि पशुओं का डेटाबेस तैयार करने के लिए पशु आधार योजना चलाई जा रही है। उन्होंने आगे बताया कि डेयरी सेक्टर का सामर्थ्य न सिर्फ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देता है, बल्कि ये दुनिया भर में करोड़ों लोगों की आजीविका का भी प्रमुख साधन है। विश्व के विकसित देशों से अलग भारत में डेयरी सेक्टर की असली ताकत छोटे किसान हैं। बन्नी भैंस का उल्लेख प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ल्ड डेयरी समिट के पहले दिन राजस्थान की बन्नी भैंस का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि भीषण गर्मी में भी इस प्रजाति की भैंस कैसे किसानों का सहारा बनती हैं. साथ ही उन्होंने गोबर से भी पैसा कमाने की योजना के बारे में बताया। पीएम ने बताया कि डेयरी सेक्टर का सामर्थ्य न सिर्फ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देता है, बल्कि ये दुनिया भर में करोड़ों लोगों की आजीविका का भी प्रमुख साधन है। विश्व के विकसित देशों से अलग भारत में डेयरी सेक्टर की असली ताकत छोटे किसान हैं।

हिंदी दिवस 2022: क्या समारोहों व जलसों से बाहर निकल पाएगी राष्ट्रभाषा

बेटा को आवाज देकर कहा कि डायरी में से देखकर मोबाइल नंबर लिखवाना, उसने शुरू किया ङ्घनाइन्टी फोरङ्क मैंने कहा हिंदी में बोलो वो हंसते हुए बोला पापा हिंदी में नहीं आता, मुझे बस ङ्घतैंतीसङ्क तक हिंदी में मालूम है उसके आगे नहीं। बेटा को आवाज देकर कहा कि डायरी में से देखकर मोबाइल नंबर लिखवाना, उसने शुरू किया ङ्घनाइन्टी फोरङ्क मैंने कहा हिंदी में बोलो वो हंसते हुए बोला पापा हिंदी में नहीं आता, मुझे बस ङ्घतैंतीसङ्क तक हिंदी में मालूम है उसके आगे नहीं। प्रशन खुद से ही था कि जिस भाषा को बोलने व सुनने में हम खुद को सहज महसुस करते हैं उस भाषा में न तो विद्यालयों में पठन-पाठन किया जा रहा है न ही घर-परिवार में उसके बारे में चर्चा होती है, फिर बच्चों को कैसे पता चलेगा कि 40 को अंग्रेजी में फॉर्टी तो हिंदी में चालीस कहते हैं। आखिर हमारी हिंदी हमसे दूर क्यों हो गई या हमने इसको दूर क्यों कर दिया। बच्चा अभी चलना फिरना भी नहीं सीखता और हम उसके मुंह में विदेशी भाषा जबर्दस्ती डालने लग जाते हैं। हम इस बात से डर रहे हैं कि हमारे बच्चे गलती से कहीं हिंदी में बात न कर दें जिससे कि हमें शर्मिंदगी झेलनी पड़े। हम तब खुद को बड़ा प्रफुल्लित महसूस करते हैं जब हमारा बच्चा अंग्रेजी में गिनती जानता है लेकिन हिंदी में उसे न एक का पता है न दस का न सौ का। यह कोई प्रफुल्लित होने वाली चीज नहीं इससे तो हमारे अंदर के खोखलेपन का पता चलता है। जब तक हम स्वयं अपने देश की धरोहर हमारी मातृभाषा का सम्मान नहीं करेंगे तब तक हम इसे इसका खोया हुआ सम्मान दिला नहीं पायेंगे। अपनी भाषा से प्रेम भी राष्ट्र भक्ति है वहीं ठीक इसके उल्ट भी ऐसा ही है। किसी भी तरह की भाषा को सीखना ,उसे बोलना कोई अपराध नहीं है परन्तु अपनी भाषा के प्रति हीन-भावना रखना देश के प्रति गद्दारी के समान हैं। अक्सर देखने में आता है पढ़ा लिखा युवा वर्ग जो बड़ी -बड़ी कंपनी में नौकरियां कर रहा है उसे आज के समय में न तो हिंदी का कोई भविष्य, न ही हिंदी में अपना भविष्य दिखाई देता है, क्योंकि वह अपने आस-पास के दायरे में रहकर सोच रहा है जो दायरा हमनें उसको दिया है। उसे एक सफल भविष्य चाहिए जिसमे नौकरी, पैसा व नाम हो उसके लिए हिंदी का होना जरुरी नहीं लगता। लेकिन जब वही युवा एक क्षितिज पर खड़ा होकर देश के भीतर झांकता है तो उसे अपने ही लोगों के बीच एक खाई नजर आती है। भाषाओं की विविधताओं का जोड़ है हिंदी यह खाई इन पढ़े-लिखे युवाओं को ही अकेला खड़ा कर देती है क्योंकि देश में आज भी हिंदी भाषाई ज्यादा है। इन पढ़े-लिखे युवाओं में तकनीकी एकता भले ही हो लेकिन मानवीय एकता के लिए हमें अपनी मातृभाषा की ही जरूरत है। भाषा ही वह इकाई है जो व्यक्ति को आपस में जोड़ती है, व्यक्ति आगे परिवार को जोड़ता है वही परिवार समाज को जोड़ता है और इस तरह समाज से गांव, नगर, शहर व देश बनता है। हमारे देश की असली पहचान है विविधता और यह हर चीज में है धर्म-कर्म से लेकर प्रत्येक क्षेत्र तक फैली विविधता। इसी विविधता की पहचान है देश के विभिनन भागों में बोली जाने वाली भाषा की विविधता हर भाषा का अपना ही वजूद है पहचान है। लेकिन अगर सभी भाषाओं की जननी की बात की जाए तो वह है हिंदी भाषा। इसी विविधता को आपस में एक सूत्र में जोड़ने वाली भाषा है हमारी राष्ट्र भाषा हिंदी। आप देश के किसी भी कोने से संबंधित हों लेकिन आपको एक भारतीयता का पहचान करवाती है हिंदी। 14 सितम्बर 1949 के दिन आजादी के बाद हिंदी को देश की मातृभाषा से गौरवान्वित किया गया। सन् 1953 में हुए निणर्य के बाद प्रति वर्ष 14 सितम्बर को हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। संविधान के अनुच्छेद 343 में चाहे हिंदी को राजभाषा का दर्जा प्राप्त हुआ व अनुच्छेद 351 के अनुसार बेशक हिंदी का प्रसार बढाने की बात की गई लेकिन शायद यह सब कागजों तक सिमट कर रह गया। हर साल हिंदी के उत्थान को हिंदी पखवाड़ा, हिंदी सप्ताह, हिंदी दिवस मनाया जाता है सरकारों द्वारा इस उपलक्ष्य को मनाने के लिए थोक में बजट भी उपलब्ध करवाया जाता है। सरकारी व निजी कार्यालयों से लेकर स्कूलों, कॉलेजों, में निबंध लेखन, वाद-विवाद प्रतियोगिताएं, चित्र कला प्रतियोगिताएं, कवि सम्मेलन, संगोष्ठीयां, अर्थात तरह-तरह से हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए समारोह, पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित होते हैं लेकिन इन समारोह में भी बड़े-बड़े नामचीन हस्तियों को ही आमंत्रित किया जाता है भले ही हिंदी की बेहतरी के लिए उनका योगदान नगण्य हो।

संक्षिप्त समाचार

ढाबा मालिक के साथ हुई मारपीट

(आधुनिक समाचार सेवा)

नोएडा। सेक्टर-132 स्थित चौधरी ढाबा के संचालक पर शनिवार रात को चार हमलावरों ने हमला कर घायल कर दिया। आरोप है कि ढाबे के अंदर तोड़फोड़ भी की। इसको लेकर सेक्टर 126 थाने में शिकायत दी गई है। बुलंदशहर के सुभाष सिंह सेक्टर 132 रोहिल्लापुर के फूल सिंह के मकान के निचले हिस्से में ढाबा चलाते हैं। किराये को लेकर मालिक और ढाबा संचालक में अनबन हो गई थी। आरोप है कि शुक्रवार रात को मालिक के दोनों बेटे प्रवीण और श्याम अपने दो अन्य साथी संग ढाबे पर आए और संचालक के साथ मारपीट की। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

जरूरतमन्दों को 5 रुपए में भोजन खिला रही नेफोमा

(आधुनिक समाचार सेवा)

नोएडा। सामाजिक संस्था नेफोमा द्वारा हर रविवार को गौर सिटी चौक पर नेफोमा रसोई के अंतर्गत जरूरमन्द लोगों को भरपेट भोजन की व्यवस्था की जाती है आज नेफोमा रसोई में लगभग 350 जरूरमन्द लोगों को भरपेट भोजन कराया गया। जिसमे राजमा चावल वितरण किए गए व पीने के लिए पानी की व्यवस्था की गई। देश के प्रसिद्ध ज्योतिषचार्य आचार्य दीपक दुबे अपनी पतनि सहित नेफोमा रसोई पहुचे व अपने हाथों से लोगो को भोजन वितरण किया। दीपक दुबे ने बताया यह जनहित के लिए बहुत ही परोपकारी कार्य है मुझे बहुत अच्छा लगा नेफोमा रसोई

में सेवा करके, हमने व पतनि ने भोजन भी खाया जो बहुत ही स्वादिष्ट बना था । नेफोमा वॉलिंटियर द्वारा साफ सफाई का पूरा ध्यान रखा गया सभी इस्तेमाल की गई प्लेटों को गार्बेज बैग में भरकर कूड़े दान में डाला गया जिससे कि वहां गौर सिटी चौक पर गंदगी ना हो और वातावरण स्वच्छ हो । नेफोमा अध्यक्ष अन्नू खान ने बताया जरूरमन्दों के लिए पहले भोजन नेफोमा ऑफिस अपनी देखरेख में बनबाया जाता है उसके बाद गौरसिटी चौक पर वितरण किया जाता है, साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाता है आज नेफोमा रसोई में अनन्नू खान, नितिन राणा, अविनाश सिंह, अनूप कुमार, बिलाल खान, आजिम खान, शहनाज खान, संतोष वर्मा, सुशील सैनी आदि सदस्यों ने भाग लिया।

राष्ट्रीय ब्राह्मण सेवा संघ ने शिक्षिका दीपशिखा शर्मा का किया अभिनंदन

दीपशिखा को हाल में किया गया है राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित

(आधुनिक समाचार सेवा)

नोएडा। राष्ट्रीय ब्राह्मण सेवा संघ के द्वारा रविवार को समाज की हौनहार बेटी दीपशिखा का अभिनंदन किया गया। ब्राह्मण समाज से ताल्लुक रखने वाली

दीपशिखा एक शिक्षिका हैं और वर्तमान में जिले के जलालपुर गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में तैनात हैं। जिन्हें हाल ही में शिक्षक दिवस के अवसर पर प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए राज्य शिक्षक पुरस्कार से समानित किया गया है। ऐसे में राष्ट्रीय ब्राह्मण सेवा संघ की टीम ने जिलाध्यक्ष प्रमोद शर्मा एडवोकेट के नेतृत्व में उनके घर पहुंचकर उन्हें सॉल उढ़ाकर व बुके देकर शुभकामनाएं प्रेषित कीं।वरिष्ठ समाजसेवी सुधीर वत्स ने बताया कि राष्ट्रीय ब्राह्मण सेवा संघ की टीम रविवार को जिलाध्यक्ष प्रमोद शर्मा एडवोकेट के साथ ब्राह्मण समाज की हौनहार बेटी दीपशिखा के आवास पर पहुंची। जहां पूरी टीम ने उन्हें गुलदस्ता देकर व सॉल उढ़ाकर मिठाई खिलाते हुए उनका अभिनंदन किया। इस परिवार के लोगों से बात चीत के दौरान सामने आया कि दीपशिखा ही नहीं उनके पूरे परिवार का शिक्षा के क्षेत्र में विशेष योगदान रहा है। जिसके तहत उनके भाई को पूर्व में माध्यमिक शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रपति पुरूस्कार और बड़ी बहन को दो वर्ष पूर्व राज्य पुरूस्कार से नवाजा जा चुका है। जिसके चलते शिक्षा के लिए समर्पण भाव उनके खून में है। उनके इस समर्पण भाव को देखते हुए राष्ट्रीय ब्राह्मण सेवा संघ की टीम ने उनके पूरे परिवार को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए नमन किया। वहीं जिलाध्यक्ष प्रमोद शर्मा ने उनके सम्मान में जल्द ही एक भव्य अभिनंदन समारोह आयोजित किए जाने की घोषणा की। इस अवसर पर अभिनंदन करने वालों में प्रधानाचार्य रामदत्त शर्मा, वरिष्ठ शिक्षक परमानंद कौशिक व उनके अन्य साथी मौजूद रहे।

कैमोर एसीसी सीमेंट अमेहटा मे नाबालिक बच्ची के साथ रेप, आरोपी पुलिस की गिरफ्त से भागे

(आधुनिक समाचार सेवा)

मैहर। कैमोर एसीसी सीमेंट प्लांट का नवीन प्लांट अमेहटा जहा पर प्लांट निर्माण का कार्य एलएनटी

कर रही है। प्लांट पर अधिकतम मजदूर बाहरी है तथा एलएनटी के अधिकारियों की लगाम अपने कर्मचारियों पर नही है इसी छुट का फायदा कर्मचारी उठाते हैं आए दिन तरह तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं। कल देर रात्रि कटनी नजदीक कुछ युवक अमेहटा प्लांट के नजदीक एक नाबालिग लड़की के साथ बलात्कार जैसे घिनौना अपराध कर बैठे जिन्हें ग्रामीणों ने धर पकड़ कर पुलिस के हवाले किया किन्तु एलएनटी के अधिकारियों ने पुलिस से मिल कर अपराधियों को रफा-दफा करा दिया जिससे ग्रामीणों मे भारी आक्रोश व्यापत हो गया पुलिस के खिलाफ मुर्दाबाद के नारो के साथ रोड जाम कर दिया गया।एलएनटी के अधिकारियों की लापरवाही उजागर कर्मचारियों को झुट का परिणाम सामने आया।

कटनी सतना जिले के वार्डर में तीन साल की मासूम के साथ हुआ रेप

पुलिस की हिरासत से आरोपी फरार, लोगों ने किया चक्का जाम

(आधुनिक समाचार सेवा)

मैहर। कैमोर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक प्लांट के बाहर अमेहटा बस्ती में 3 साल की मासूम बच्ची के साथ एक दरिंदे द्वारा बलात्कार करने का मामला सामने

आया है. आरोपी प्लांट कर्मचारी बताया जा रहा है. इस घटना के बाद परिजनों व ग्रामीणों में खासा आक्रोश भड़क है. गुस्साए लोगों ने चक्काजाम कर दिया है. पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाने का प्रयास कर रहे है. जबकि परिवार और ग्रामीण आरोपी पर कड़ी कार्रवाई कर फांसी देने की मांग पर अड़े हुए है. मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात है. इस दौरान पुलिस की लापरवाही भी नजर आई. वारदात को अंजाम देने वाला आरोपी पुलिस अभिरक्षा से भाग गया है **पुलिस कस्टडी में होते हुए भी फरार हुआ आरोपीः** जानकारी के अनुसार कटनी निवासी युवक अमेहटा में प्लांट में काम करता था. बताया जा रहा है कि रविवार की रात लगभग 3 बजे बस्ती की एक आदिवासी मासूम बच्ची के साथ उसने बलात्कार की वारदात को अंजाम दिया है. वहीं जब परिजन बच्ची की तलाश करने लगे तो वहीं नहीं मिली, बहुत देर तलाश करने के बाद मासूम रोते बिलखते हुए आरोपी के पास मिली. परिजनों को आता देख आरोपी वहां से भाग निकला. इसके बाद स्थानीय लोगों ने उसे दबोच लिया. वारदात की सूचना पुलिस को दी गई. स्थानीय लोगों ने बताया कि पुलिस देर से पहुंची. इस दौरान ग्रामीणों ने आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया. बताया जा रहा है ।

बाँदा जिले की नेहा कश्यप को मिस यूनीक फ़ेस ओफ़ इंडिया 2022 के शो में वीआईपी गेस्ट का अवॉर्ड देकर किया गया सम्मान

(आधुनिक समाचार सेवा)

बाँदा। एक बार फिर नेहा कश्यप ने बाँदा जिले का नाम रोशन किया नेहा कश्यप मॉडल एवम् अभिनेत्री एक अपना नया मुक़ाम हासिल कर रही है बीते 10 को कानपुर में स्काई हील प्रोडक्टशन द्वारा होने वाले शो मिस यूनीक फ़ेस ओफ़ इंडिया 2022 में नेहा कश्यप को वीआईपी गेस्ट का अवॉर्ड देकर डायरेक्टर शशांक और को डायरेक्टर दीपक परवानी ने सम्मान किया और बेहत सराहना की नेहा को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दी,नेहा कश्यप ने अवार्ड के साथ साथ मंच में स्पेशल वॉक करके अपनी वॉक से जलवे बिखेर दिए ।शो में बहुत से सिलेब्रिटी उपस्थित रहे । मिस बुंदेलखंड नेहा कश्यप ऐसे कई अवार्ड अपने नाम कर चुकी है इनको बहुत सी जगह इन्वाइट किया गया है कही जज्मेंट के लिए तो कही जुरी मेम्बर स्पेशल गेस्ट के लिए इन्विटेशन आते रहते है नेहा मॉडलिंग के साथ साथ ऐक्टिंग की दुनिया में खूब धमाल मचाए हुए है इन्होंने कई मूवी वेबसेरीस में भी खूब काम किया है इनके इन्स्टग्रैम में 29000 से अधिक फ़ॉलोअर है इनका यूटूब चैनल भी है जिसमें ये नत्य के विडीओ अपलोड करती है जिसमें इनके भारी मात्रा में सब्स्क्राइबर है ,नेहा बताती है की वो अपनी फ़ैमिली और अपने बाँदा का नाम हर जगह रोशन करना चाहती है जिससे बाँदा का नाम इतिहास के पनने पर दर्ज हो और बाँदा को सब लोग जाने हम सभी नेहा कश्यप के उज्जवल भविष्य की कामना करते है।

बारदात 111 गैंग का एक और आरोपी हुआ गिरफ्तार घोषित था 5000रु का ईनाम

(आधुनिक समाचार सेवा)

सतना । श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय सतना आशुतोष गुप्ता के कुशल निर्देशन ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री सुरेंद्र जैन एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री महेंद्र सिंह चौहान के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोलगवां निरीक्षक देवेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में हमराही स्टाफ के साथ की गई बड़ी कार्यवाही। घटना विवरण- दिनांक 13/08/22 को फरियादी शैलेन्द्र यादव निवासी कोलगवाँ वार्ड नं. 08 द्वारा रिपोर्ट की गई कि दिनांक 13/8/22 को समय लगभग 11.30 बजे रात्रि मे पत्थर से हमला करने व प्रार्थी को अश्लील गालियाँ देने वाले व जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी गणो अमित सोनी ,मिक्की सरदार एवं अन्य 15 आरोपियों के द्वारा प्रार्थी का नाम लेकर अश्लील भद्ददी गाली दे रहे थे जब प्रार्थी ने दरवाजा खोला तब आरोपीगणो ने प्रार्थी को देखते ही पत्थर व ईटो से हमला किया तब प्रार्थी झुक गया था जिससे प्रार्थी के दरवाजे एंव गेट मे पत्थर लगे है प्रार्थी यदि झुकता नही तो निश्चित ही प्रार्थी को यदि पत्थर लग जाता तो प्रार्थी की हत्या हो सकती थी प्रार्थी को आरोपी अमित सोने ने गाली देते हुए कहा कि तुम बहुत पैसा वकालत मे कमाते हो हम लोगों को एक लाख रूपये गुन्डा टैक्स दो। इतना ही नही है एक आरोपी अपना नाम मिक्की उर्फ रणजीत सिंह सरदार बता रहा था और कह रहा था कि मेरे विरूद्ध सतना जिले में 35 मुकदमे दर्ज है और यदि तुमने 100000 (एक लाख रूपये) नही दिया तो तुम्हारी परिवार सहित हत्या करवा दूँगा जिस पर से थाना में अपराध क्र 1094/22 धारा 386,336,427,294,34 ता हि का कायम कर विवेचना में लिया गया विवेचना दौरान बारदात 111 गैंग के मुख्य आरोपी अमित सोनी, मिक्की सरदार को पूर्व में ही गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा चुका है।घटना दिनांक से ही आरोपी जयदीप सिंह फरार था जिसे खोजने हेतु अलग-अलग टीम द्वारा हर संभावित स्थानों पर दविश दी गयी,जो आज दिनाँक को गिरफ्तार हुआ जिसका माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।आरोपी थाना के अपराध क्र 1119/22 धारा 294,323,506,34 ता हि एवं कोतवाली के अप क्र 469/22 धारा327,294,323,427,506,34 ता हि में फरार था **गिरफ्तार आरोपी-** जयदीप पिता विजय बहादुर सिंह 18 वर्ष निवासी बांधवगढ़ कॉलोनी सराहनीय भूमिका- निरी डी. पी.सिंह चौहान, सउनि कमलेश पनिका, प्र आर रमाकांत तिवारी,विपिन सोंधिया, सतेंद्र सिंह,आर अनिल दुवेदी,दिलीप दुवेदी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम को लेकर जनपद में 2 दिवसीय सघन भ्रमण पर

मुख्यमंत्री पहुंचे एक्स्पो मार्ट, प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम को लेकर हैलीपेड, प्रदर्शनी क्षेत्र एवं मुख्य कार्यक्रम सभागार का निरीक्षण करने के उपरांत प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारियों के साथ बैठक करते हुये दिये आवश्यक दिशा निर्देश

(आधुनिक समाचार सेवा)

नोएडा। उत्तर प्रदेश सरकार के मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 12 सितम्बर को एक्स्पो मार्ट ग्रेटर नोएडा मे वर्ल्ड डेरी सम्मिट 2022 के शुभारम्भ कार्यक्रम मा0 प्रधानमंत्री जी के करकमलों के द्वारा किये जाने के सम्बंध में जनपद में 2 दिवसीय सघन भ्रमण पर पहुंचे। मा0 मुख्यमंत्री ने अपने सघन भ्रमण के प्रथम चरण में जनपद में निर्माणाधीन नोएडा इण्टरनेशनल ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट जेवर पर पहुंच कर निर्माणाधीन कार्यो एवं रन-वे का गहन स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण करने के उपरांत वही पर जेवर एयरपोर्ट से जुड़े. हुये अधिकारियों के साथ गहन बैठक करते हुये मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि निर्माण स्थल पर मशीनरी और संसाधन बढ़ाए जाए तथा निर्माण में प्रगति लायी जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि नोएडा इण्टरनेशनल एयरपोर्ट की स्थापना से औद्योगिक अवस्थापना का संरचनात्मक विकास होगा, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, विनिर्माण एवं निर्यात को प्रोत्साहन मिलेगा तथा हवाई यातायात सुगम होगा, साथ ही पर्यटन में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि इस एयरपोर्ट के निकट कई औद्योगिक सेक्टरों का विकास यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में हुआ है। आनेवाले दिनों में यह क्षेत्र सबसे बड़ा औद्योगिक और सर्विस सेक्टर की गतिविधियों का केंद्र बनेगा। जेवर एयरपोर्ट के सम्बन्ध में सीईओ डा अरूणवीर सिंह, नोडल ऑफिसर शैलेंद्र भाटिया और जुरिक एयरपोर्ट की कम्पनी यमुना इण्टरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ क्रिस्टाफ शेल्लमनन के द्वारा प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विस्तृत जानकारी मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत की गयी। उन्होंने बताया कि एयरपोर्ट का विकास दो स्टेज में होगा, प्रथम स्टेज में यह एयरपोर्ट दो रन-वे का होगा, जो दूसरे स्टेज में बढ़ कर पाँच रन-वे का हो जाएगा। दो रन-वे का यह एयरपोर्ट 70 मिलियन यानी 7 करोड़ वार्षिक यात्रियों की

क्षमता का होगा और इस पर लगभग 30 हजार करोड़ रुपए खर्च होगे। इसका विकास चार चरणो में होगा। प्रथम चरण में वर्ष 2023-24 में 12 मिलियन यानी 1 करोड़ बीस लाख वार्षिक यात्रियों की क्षमता का यह एयरपोर्ट प्रारम्भ में एक रनवे का होगा, जो वर्ष 2031 में बढ़कर 30 मिलियन यानी 3 करोड़ यात्रियों की वार्षिक क्षमता का और दो रन वे का हो जाएगा। वर्ष 2036 में यह 50 मिलियन और वर्ष 2040 में यह 70 मिलियन यानी 7 करोड़ यात्रियों की वार्षिक क्षमता का हो जाएगा। एयरपोर्ट का निर्माण ईपीसी कॉंट्रैक्टर टाटा प्राइवेट लिमिटेड कर रही है। वर्तमान में टर्मिनल बिल्डिंग और रन-वे का निर्माण प्रारम्भ हो चुका है। माह सितम्बर 2024 में एयरपोर्ट का निर्माण पूर्ण हो जाएगा। एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के क्रम में दूसरे स्टेज में तीन रन वे और बनाए जाएँगे। तीसरा रन-वे 1365 हेक्टेयर में, चैथा रन-वे 1318 हेक्टेयर और पाँचवा रन-वे 735 हेक्टेयर में बनाया जाएगा। यहाँ यह उल्लेखनीय है कि तीसरे रन-वे के निर्माण के लिए आवश्यक 1365 हेक्टेयर भूमि के अधिग्रहण के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने अनुमति के साथ बजट भी उपलब्ध करा दिया है और अधिग्रहण की प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी है। इस अवसर पर पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह, मण्डलायुक्त/मुख्य कार्यपालक अधिकारी ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण सुरेन्द्र सिंह, जिलाधिकारी सुहास एल0वाई0 एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें। मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने सघन भ्रमण के दौरान दूसरे चरण में एक्स्पो मार्ट ग्रेटर नोएडा पहुंचे जहॉ पर वर्ल्ड डेरी सम्मिट 2022 का शुभारम्भ 12 सितम्बर को मा0 प्रधानमंत्री भारत सरकार के करकमलों द्वारा किया जाना प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री ने हैलीपेड, प्रदर्शनी हॉल एवं मुख्य कार्यक्रम स्थल सभागार का गहन स्थल निरीक्षण किया। उसके उपरांत मा0 मुख्यमंत्री जी ने एक्स्पो मार्ट की सभागार में पुलिस प्रशासन, इण्डियन डेरी फेडरेशन एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक करते हुये समस्त अधिकारियों को स्पष्ट किया कि यह उत्तर प्रदेश का सौभाग्य है कि 1974 के उपरांत वर्ल्ड डेरी सम्मिट 2022 गौतमबुद्धनगर जनपद के एक्स्पो मार्ट में सम्पन्न होने जा रहा है और इस महत्वपूर्ण इवेंट का शुभारम्भ भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री जी के करकमलों के द्वारा किया जायेंगा। इसमें लगभग 46 देश प्रतिभाग कर रहे है और बड़ी संख्या में विदेशी महमान इस कार्यक्रम में भाग लेंगे। मुख्यमंत्री ने प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देश देते हुये कहा कि आने वाले विदेशी महमानों के प्रवास के दौरान एवं सुगमता के साथ कार्यक्रम में प्रतिभाग कर सकें, इसके लिए समस्त सम्बन्धित अधिकारीगण माइक्रो प्लान तैयार करते हुये उसी के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने प्रशासनिक एवं पुलिस के अधिकारियों को यह भी निर्देश दिये कि यह एक अर्न्तराष्ट्रीय कार्यक्रम है। समस्त अधिकारीगण अपनी पूर्ण सामर्थ के साथ अपनी ड्यूटी को अंजाम देंगे और इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक रूप में सम्पन्न कराने की कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। इसी प्रकार उन्होंने प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारियों को मा0 प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुये सुरक्षा से जुड़े. हुये विभिन्न बिन्दुओं पर निर्देश देते हुये सभी कार्यवाही समय रहते पूर्ण करने के लिए कहा। उन्होने यह भी कहा कि सुरक्षा से जुड़े. समस्त अधिकारीगण समय से पूर्व अपनी ड्यूटी पर उपस्थित रहकर कार्यक्रम को सफल बनाने मे अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। उन्होंने इस अवसर पर इण्डियन डेरी फेडरेशन एवं एन0डी0डी0बी0 के अधिकारियों से कार्यक्रम के सम्बंध में सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त की। आयोजकों के अधिकारियों ने मा0 मुख्यमंत्री जी को अवगत कराया कि कार्यक्रम को लेकर प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारियों के द्वारा सम्पूर्ण सहयोग प्रदान किया जा रहा है। इस अवसर पर पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह ने मा0 प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा सम्बंधी तैयार किये गये माइक्रो प्लान की विस्तृत जानकारी मा0 मुख्यमंत्री जी को उपलब्ध करायी। इसी प्रकार जिलाधिकारी सुहास एल0वाई0 के द्वारा अर्न्तराष्ट्रीय कार्यक्रम को मानकों के अनुरूप सम्पन्न कराने के उद्देश्य से की गयी तैयारी के सम्बंध में विस्तार से अवगत कराया गया। मा0 मुख्यमंत्री जी ने अपने कार्यक्रम के दौरान गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय के शैक्षिक गतिविधियों एवं अन्य कार्यो की विश्वविद्यालय के अधिकारियों के साथ गहन समीक्षा भी की।

भाजपा की महत्वपूर्ण बैठक सेक्टर 116 जिला कार्यालय में समपन हुई

(आधुनिक समाचार सेवा)

नोएडा। सेक्टर 116 भाजपा कार्यालय मे आज एक बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य पर सेवा पखवाड़े के सभी कार्यक्रमों की चर्चा हुई। इस सेवा पखवाड़े का आयोजन 17

सितंबर से 2 अक्टूबर तक किया जाएगा, जिसमे रक्तदान शिविर का आयोजन 17 सितंबर को किया जाएगा, उसके बाद 18 सितंबर को निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन होगा, 19 सितंबर को मोदी व्यक्तित्व प्रदर्शनी का आयोजन होगा। इस मोदी प्रदर्शनी के माध्यम से समाज में सकारात्मक कार्यों की प्रेरणा सभी को दी जाएगी। इसके बाद 20 और 21 सितंबर को स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा साथ ही 22 तारीख को जल ही जीवन का आयोजन होगा जिसमें जल संरक्षण को लेकर घर घर संपर्क करके लोगों में जल और जल के संरक्षण के बारे में जागरूकता फैलायी जाएगी। 24 सितंबर को कृत्रिम अंग एवं उपकरण वितरण कैंप का आयोजन किया जा रहा है और इसके बाद 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती का आयोजन होगा जिसपर उनको पुष्पांजलि एवं गोष्ठी का आयोजन होगा। 26 सितंबर को विविधता में एकता कार्यक्रम कि आयोजन होगा जिसमें एक भारत श्रेष्ठ भारत का संदेश पूरे समाज में फैलाया जाएगा 27 सितंबर को शुभकामना एवं अभिनंदन पत्र का आयोजन शुरू होगा जिसमें सभी लोग मोदी जी के नेतृत्व में चल रही है सरकार द्वारा गरीब शोषित वंचित एवं किसानों को कल्याणकारी नीतियों का जो लाभ मिल रहा है उसके लिए धन्यवाद पत्र भेजेंगे। 28 सितंबर को प्रबुद्धजन एवं बुद्धिजीवी सम्मेलन का आयोजन होगा, 29 सितंबर से सभी केंद्रों पर कोविड टीकाकरण के कैंप लगाए जाएंगे और 1 अक्तूबर को वृक्षारोपण का कार्यक्रम होगा। इस सेवा पखवाड़े के आखिरी दिन 2 अक्टूबर को गाँधी जयंती का आयोजन होगा जहाँ पर सभी लोग बापूजी के सिद्धान्त स्वदेशी खादी सादगी एवं स्वच्छता के बारे में लोगों को जागरूक कर अभियान चलाएंगे । इस बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता ने सभी कार्यकर्ताओं को आगामी सेवा पखवाड़ा में पूरे ज़ोर शोर से कार्य करने को प्रेरित किया और साथ ही हर मंडल में सभी लोगों को हर बूथ तक ये अभियान पहुंचने के लिए आह्वान किया। इस बैठक में नोएडा के जिला प्रभारी श्री बसंत त्यागी, महामंत्री चंदगी राम यादव, उमेश त्यागी, गणेश जाटव, डिम्पल आनंद मंत्री एसपी चमोली उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा , गौतम शर्मा, राम निवास यादव एवं सभी मोर्चों के अध्यक्ष मंडलों के प्रभारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सेक्टर-62 रामलीला मैदान में रामलीला मंचन की तैयारियां हुईं तेज, नोएडा प्राधिकरण और पुलिस- प्रशासन ने आयोजन की दी अनुमति

(आधुनिक समाचार सेवा)

नोएडा। श्रीराम मित्र मंडल नोएडा रामलीला समिति के महासचिव मुनन कुमार शर्मा ने बताया है कि श्रीरामलीला मंचन के लिए श्रीराम मित्र मंडल नोएडा ने तैयारियां तेज कर दी हैं।मंचन के लिए कलाकारों की मंडली,पुतला निर्माण, टेंट, बिजली, मंच सज्जा, साउंड आदि से सम्बंधित सभी आवश्यक तैयारियां तेजी से चल रही हैं।सभी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है।श्री शर्मा ने बताया कि मंचन के लिए नोएडा प्राधिकरण ने सेक्टर-62 के रामलीला मैदान का भूमि आबंटन कर दिया है। सहायक पुलिस आयुक्त द्वितीय के कार्यालय से भी समिति को अनुमति पत्र व अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त हो गया है।अगिन्शमन विभाग, विद्युत सुरक्षा विभाग, यातायात पुलिस, एलआइन्यू विभाग आदि से अनापत्ति प्रमाण पत्र भी मिल गया है।उन्होंने बताया कि समिति रामलीला का मंचन पूरी भव्यता और आधुनिक तकनीक से करेगी।समिति द्वारा नोएडा वासियों को भव्य रामलीला मंचन दिखाया जाएगा।दशहरा के दिन रावण, कुम्भकरण और मेघनाद के पुतलों का दहन किया जाएगा।

अवतार 4 की जेम्स कैमरून ने की घोषणा, पढ़ें पूरी खबर

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली । हॉलीवुड की बहुचर्चित फिल्म अवतार का चौथा वर्जन भी जल्द आएगा। इस बात की घोषणा फिल्म के निर्देशक जेम्स कैमरून ने की है। वे 323 एक्सपो 2022 में



बात कर रहे थे। उनकी इस घोषणा से वहां उपस्थित सभी प्रशंसक खुशी से झूम उठे। 23 एक्सपो 2022 सरप्राइजेज से भरा रहात् इसमें कई मार्वल प्रोजेक्टस की घोषणा की गई, जहां एक ओर मार्वल से जुड़ी बातें हावी रही। वहीं अवतार के निर्देशक जेम्स कैमरून के वीडियो मैसेज से सभी फैंस खुशी से झूम उठ ऑस्कर विजेता निर्देशक इस कार्यक्रम में भाग नहीं ले पाए लेकिन उन्होंने फिल्म अवतार के प्रशंसकों के लिए एक वीडियो संदेश भेजा था जेम्स कैमरून ने अपने फैंस से बातचीत में इस बात का खुलासा किया कि वह जल्द अवतारः द वाटर वे की शूटिंग शुरू करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि फिल्म की शूटिंग जल्द शुरू होगी उन्होंने यह भी कहा कि अवतार 4 का प्रोडक्शन शुरू हो गया है। आगामी सीक्वल के कुछ भाग की 33 में स्क्रीनिंग भी की गई उन्होंने यह भी कहा कि अवतार 2 और 3 के कई शेड्यूल साथ में शूट किए गए हैं ताकि सही प्रकार से सीन शूट किए जाते। उन्होंने आगे कहा, 'हम लगातार 6 घंटे की देखने वाली फिल्म शूट कर रहे हैं और हम एक बार फ्रेंकफूट जाएंगे और हम दो और तीन भाग की शूटिंग लगातार करेंगेत् यह हमारे लिए एक अच्छा अनुभव रहेगा गौरतलब है कि अवतार बॉक्स ऑफिस पर सफल रही है। इस फिल्म ने विश्व स्तर पर रिकॉर्ड तोड़ व्यापार किया है। फिल्म ने कमाई के मामले में कई कीर्तिमान भी बनाए हैं।

विक्की कौशल अभिनीत सैम बहादुर से जुड़े नीरज काबी

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली । विक्की कौशल, सान्या मल्होत्रा और फातिमा सना शेख अभिनीत फिल्म सैम बहादुर को लेकर हर रोज नया अपडेट सामने आता रहता है। अब जानकारी आ रही है कि अभिनेता नीरज काबी भी इस फिल्म का हिस्सा होंगे। वो सैम बहादुर में काफी रौबदार किरदार में दिखाई देंगे।पिंकविला की रिपोर्ट की माने तो नीरज काबी तलवार के बाद एक बार फिर से

सैम बहादुर में काम करने के लिए जुड गए हैं। वो इस फिल्म में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की भूमिका निभाएंगे। वहीं, एख बार फिर से साथ में काम करने से बेहद खुश है।साथ ही रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इन दिनों मेघना गुलजार अपनी टीम के साथ मिलकर इन दिनों कश्मीर में फिल्म की शूटिंग कर रही हैं और उम्मीद है कि जल्द ही इस शेड्यूल की शूटिंग को पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद वो दिल्ली आएंगे।आपको बता दें, फिल्म सैम बहादुर साल 1971 में हुई भारत-पाक युद्ध के नायक देश के सश्क्त आर्मी चीफ और पहले फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ पर आधारित है। सैम मानेकशॉ ने 1971 के युद्ध में सिर्फ 13 दिनों के अंदर ही पाकिस्तान को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया था, जिसमें लगभग 93,000 सैनिकों सहित सरकारी अधिकारियों ने आत्मसमर्पण कर दिया था। सैम मानेकशॉ के सैन्य करियर में 4 दशक और 5 लड़ाइयों शामिल हैं।सैम मानेकशॉ इंडिया के पहले फील्ड मार्शल थे। फिल्म में उनकी शौर्यगाथा को पेश किया जाएगा। मेघना गुलजार के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में अभिनेता विक्की कौशल सैम की भूमिका निभा रहे हैं और अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा उनकी पतने सिल्लू मानेकशॉ, जबकि फतिमा सना शेख भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की मुख्य भूमिका में नजर आने वाली हैं।वहीं, बात अगर उनके वर्कफ्रंट की करें, तो वो इस साल बैक-टू-बैक कई फिल्मों में नजर आने वाले हैं। अभिनेता सैम बहादुर के अलावा मेरा नाम गोविंदा, द इम्मोर्टल अश्वत्थामा, मिस्टर ले ले, जी ले जार, जैसी फिल्मों में नजर आने वाले हैं।

सलमान खान के घर पहुंची मुंबई पुलिस इस मामले में चल रही है पूछताछ

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली ।पंजाब के मशहूर सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या के बाद लॉरेंस बिशनेई गैंग ने सलमान खान को जान से मारने की धमकी दी थी। सलमान खान के पिता सलीम खान ने पार्क में एक धमकी भरी चिट्ठी मिलने के बाद मामला पुलिस में दर्ज करवाया था। जिसके बाद

से ही सलमान खान के गैलेक्सी अपार्टमेंट की सुरक्षा बढ़ा दी गई थी और अब इस मामले में हाल ही में अभिनेता सलमान खान से पूछताछ करने के लिए मुंबई पुलिस उनके पर पहुंची थी। सलमान खान के घर पूछताछ के लिए पहुंची थीं मुंबई पुलिस मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो सोमवार को सलमान खान के बांद्रा में स्थित गैलेक्सी अपार्टमेंट में पुलिस अभिनेता से पूछताछ करने के लिए पहुंची थी। हालांकि मुंबई पुलिस ने इसे रूटीन प्रतिक्रिया बताया और एक्टर की सुरक्षा का जायजा करने के बाद अब मुंबई पुलिस वहां से आ गई है। कई मीडिया रिपोर्ट्स में ये भी कहा गया कि मुंबई पुलिस की एक टीम जल्द ही पंजाब के लिए रवाना होगी, जहां वह सलमान खान के मामले में पूछताछ करेंगे।दरअसल सलमान खान को जान से मारने की धमकी देने का मामला कुछ दिनों पहले शांत हो गया था, लेकिन एक बार फिर से इस मामले ने तूल तब पकड़ा जब सलमान खान के घर रेकी करने वाले शख्स कपिल पंडित को मुंबई पुलिस ने गिरफ्तार किया। पंजाब पुलिस के डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि इस मामले में पुलिस लगातार कपिल पंडित से पूछताछ कर रही है और पुलिस पूछताछ के दौरान 'कपिल पंडित ने इस बात को स्वीकार किया है कि सचिन बिशनेई और संतोष यादव के साथ मिलकर लॉरेंस बिशनेई के कहने पर ही उन्होंने दबंग सलमान खान के घर पर रेकी की थी। इस पूरे मामले का मास्टरमाइंड गोल्डी बरार है। सलमान खान के आगामी प्रोजेक्ट्स की बात करें तो वह फिल्म 'टाइगर 3' की शूटिंग पूरी कर चुके है और हाल ही में उन्होंने साजिद नाडियाडवाला की फिल्म 'किसी का भाई, किसी की जान' का छोटा सा टीजर शेयर किया है।

मसाज करवाने गई कश्मीरा शाह के तोड़ दिए हाथ-पैर

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली । बॉलीवुड की ग्लैमरस एक्ट्रेस कश्मीरा शाह अपने बोल्ड लुक के लिए अक्सर चर्चा बटोरती हैं लेकिन, अब वह सुखिर्यों में किसी और वजह से आ गई हैं। कश्मीरा शाह का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वे चीखते- चिल्लाती

हुई नजर आ रही हैं। वीडियो में साफ पता चल रहा है कि कश्मीरा मसाज करवाने के लिए गई थीं लेकिन, मसाज के नाम पर उनके साथ कुछ और ही हो गया। कश्मीर शाह टीवी और फिल्मों में नजर आए या न आए लेकिन, वह सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं। अपनी दिलकश तस्वीरों के अलावा कश्मीरा फनी वीडियो भी शेयर करती हैं, जो जमकर वायरल भी होते हैं। उनका हालिया मसाज वीडियो भी कुछ ऐसा ही है। वीडियो में कश्मीरा अपनी बाई से मसाज करवाते हुए नजर आ रही हैं, जो देखते ही देखते टॉर्चर में बदल जाता हैं, जिसके बाद कश्मीरा जमीन में लोट-लोटकर मदद की गुहार लगाती हैं लेकिन, उनकी बाई उन्हें पैर से पकड़कर घसीटते हुए लेकर चली जाती हैं। चीखती-चिल्लाती कश्मीरा का यह वीडियो बेहद फनी है। यहां देखें कश्मीरा का वायरल वीडिया वीडियो की शुरुआत में कश्मीरा चेयर पर बैठकर आराम से मसाज करवाते हुए नजर आती हैं। पहले तो वे मसाज को एंजॉय करती हैं लेकिन, जैसी ही उनकी बाई हाथ-पैरों तक पहुंचती है कश्मीरा जान छुड़ाकर भागने लगती हैं क्योंकि मसाज से आराम मिलने के बजाय उन्हें दर्द मिलने लगता है। वीडियो को शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा, 'मुझे मसाज से नफरत है।कश्मीरा शाह के इस मसाज वीडियो पर कई सारे कमेंट्स आए। इनमें सबसे फनी कमेंट उनके पार्टनर कृष्णा अभिषेक ने किया। कॉमेडियन ने कहा, 'इसे मैंने ही पैसे दिए थे तुम्हें टॉर्चर करने के लिए।' एक्ट्रेस तनाज ईरानी ने भी कमेंट किया और कहा, 'हे भगवान, तुम एकलौटी स्टार हो जिसे मैं जानती हूं और उसे मसाज पसंद नहीं है।

दहन, ड्रैगन, जोगी ओटीटी पर इस हफ्ते हॉरर और थ्रिलर का बोलबाला

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली । ओटीटी स्पेस में हर हफ्ते दिलचस्प कंटेंट आ रहा है। यह सिलसिला इस वीक में भी जारी है। इनमें कुछ सीरीजों के वीकली एपिसोड स्ट्रीम हो रहे हैं तो कुछ नयी वेब सीरीज स्ट्रीम की जा रही हैं। वहीं, फिल्में भी लाइनअप हैं। चलिए, आपको



विस्तार से बताते हैं कि किस प्लेटफॉर्म पर क्या कंटेंट आ रहा है।सोमवार (12 दिसम्बर) को सुबह साढ़े छह बजे हाउस ऑफ द ड्रैगन का चौथा एपिसोड डिजनि प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम कर दिया गया है। गेम ऑफ थ्रोंस की प्रीक्वल सीरीज में कई हजार साल पहले की कहानी दिखायी गयी है। गेम ऑफ थ्रोंस की कहानी जहां सेवन किंगडम्स के नजरिए से दिखायी गयी थी, वहीं हाउस ऑफ द ड्रैगन की कहानी टरगारेन वंश के एंगल से दिखायी जा रही हैं, जो गेम ऑफ थ्रोंस में सेवन किंगडम्स का दुश्मन है।कॉफी विद करण 7 का 11वां एपिसोड डिजनि प्लस हॉटस्टार पर बुधवार रात 12 बजे स्ट्रीम कर दिया जाएगा। इस बार शो में अनिल कपूर और वरुण धवन गेस्ट बनकर पहुंचे हैं, जो करण की फिल्म जुग जुग जीयो में नजर आ चुके हैं।एमएक्स प्लेयर पर 15 सितम्बर को शिक्षा मंडल वेब सीरीज आ रही है, जिसमें पवन मल्होत्रा, गुलशन देवैया और गौहर खान लीड रोल्स में हैं। यह सीरीज प्रतियोगी परीक्षाओं में होने वाले स्कैम को दिखाती है16 सितम्बर को डिजनि प्लस हॉटस्टार पर दहन- राकन का रहस्य स्ट्रीम की जा रही है। इस हॉरर-थ्रिलर सीरीज में टिस्का चोपड़ा और सौरभ शुक्ला लीड रोल्स में हैं। कहानी एक शापित इलाके की है, जहां माइनिंग प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने की राह में कई परलौकिक शक्तियां रोड़ा बनकर सामने आती हैं।नेटफ्लिक्स पर पीरियड फिल्म जोगी 16 सितम्बर को रिलीज होगी, जो 1984 के दंगों की पृष्ठभूमि पर बनी है। इस फिल्म में दिलजीत दोसांझ लीड रोल में हैं। अमेजन प्राइम वीडियो पर 16 सितम्बर यानी शुक्रवार को सुबह 9.30 बजे द रिंग्स ऑफ पॉवर का चौथा एपिसोड स्ट्रीम कर दिया जाएगा। यह सीरीज द लॉर्ड ऑफ द रिंग्स सीरीज का प्रीक्वल है और लगभग 300 साल पहले के कालखंड में स्थापित है।16 सितम्बर को सोनी-लिव पर कॉलेज रोमांस शो का तीसरा सीजन स्ट्रीम किया जा रहा है। गगन अरोड़ा और अपूर्वा अरोड़ा इस शो में लीड रोल निभाते हैं।लायंसगेट प्ले पर फोर्स ऑफ नेचर फिल्म आ रही है, जिसमें मेल गिबसन एक रिटायर्ड जासूस के किरदार में हैं। फिल्म में एमिली हिर्श और केट बोसवर्थ भी अहम भूमिकाओं में दिखेंगी।

अक्षय कुमार और कटरीना कैफ का गाना 'तेरी ओर 6 घंटे में किया गया था शूट, पढ़ें पूरी खबर

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली । कटरीना कैफ और अक्षय कुमार की केमिस्ट्री काफी फेमस है दोनों 2006 में आई फिल्म हमको दीवाना कर गए में पहली

बार साथ नजर आए थे इसके बाद दोनों ने कई फिल्मों में साथ काम किया है इनमें नमस्ते लंडन, वेलकम, सिंह इज किंग, दे दना दन, तीस मार खान और सूर्यवंशी शामिल है। सिंह इज किंग का गाना तेरी ओर मात्र 6 घंटे में शूट किया गया था हर फिल्म के साथ दोनों की केमिस्ट्री काफी दिलचस्प होती गई है दोनों की फिल्म सिंह इज किंग का गाना तेरी ओर आज भी काफी पसंद किया जाता है लेकिन क्या आप जानते हैं यह गाना मात्र 6 घंटे में शूट किया गया था। जी हां, आपने बिल्कुल सही पढ़ा है। एक इंटरव्यू में गाने के कोरियोग्राफर बॉस्को मार्टिस ने इस बारे में बताया है। उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा कि बॉलीवुड के कई हिट गाने ऐसे है जो एग्जॉटिक लोकेशन पर शूट किए गए है हालांकि उन्हें 6 घंटे के अंदर शूट किया गया है इनमें से एक गाना तेरी ओर भी है। उन्होंने यह भी कहा कि गाना शूट होने के बाद उन्हें नहीं पता था कि ये गाने इतना लोकप्रिय हो जाएंगेत्इस बारे में बताते हुए बॉस्को मार्टिस आगे कहते है, 'सिंह इज किंग का गाना इजिप्ट में शूट हुआ है। जहां पिरामिड भी नजर आ रहे है हमारे पास बहुत कम समय था इसमें कलाकारों को कपड़े भी बदलने थे। कटरीना कैफ की उन्होंने सराहना भी की उन्होंने कहा कि कटरीना कैफ काफी अच्छी हार्ड वर्किंग और परफेक्ट एक्ट्रेस है।गौरतलब है कि इस गाने में अक्षय कुमार और कटरीना कैफ की जोड़ी आज भी काफी अच्छी लगती है। यह गाना आज भी सुना जाता है।

नसीम शाह के 'कौन उर्वशी रौतेला' बयान के बाद एक्ट्रेस ने दी सफाई, कही ये बात

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली ।हाल ही में भारत और पाकिस्तान के बीच हुए क्रिकेट मैच को देखने उर्वशी रौतेला भी स्टेडियम पहुंची थी इस दौरान एक वीडियो वायरल हो रहा था। इसमें उर्वशी

रौतेला और पाकिस्तानी क्रिकेटर नसीम शाह नजर आ रहे थे।पाकिस्तानी क्रिकेटर नसीम शाह ने उर्वशी रौतेला को पहचानने से इनकार कर दिया था ।पाकिस्तानी क्रिकेटर नसीम शाह ने उर्वशी रौतेला को पहचानने से इनकार कर दिया था उन्होंने कहा है, 'मैं नहीं जानता, वह कौन है। इस बात से लगता है उर्वशी रौतेला नाराज हो गई है और उन्होंने सोशल मीडिया पर सफाई दी है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी लिखते हुए कहा है, 'कुछ दिनों पहले मेरी टीम ने फैन मेड एक क्यूट एडिट शेयर किया थात् मेरी जानकारी में नहीं है कि उसमें और कौन था। मैं सभी से निवेदन करूंगी, मीडिया से भी कि वह किसी भी प्रकार की खबर न बनाएं'आपको बता दें कि मैच के बाद उर्वशी रौतेला की टीम की ओर से ही एक वीडियो क्लिप पीआर मटेरियल के साथ शेयर की गई थी इसके साथ लिखा गया था, 'उर्वशी रौतेला और नसीम शाह साथ में काफी खूबसूरत लग रहे है इस वीडियो को इंटरनेट पर काफी पसंद किया जा रहा है। इसके अलावा और भी कई चीजें प्रेस रिलीज में लिखी गई थी साथ ही इंस्टाग्राम के उस वीडियो की लिंक भी दी गई थी। उर्वशी रौतेला फिल्म एक्ट्रेस है वह अक्सर अपनी हॉट और बोल्ड तस्वीरें और वीडियो शेयर करती है। उर्वशी रौतेला हाल ही में ऋषभ पंत के साथ अपनी लड़ाई को लेकर भी खबरों में थी। उर्वशी रौतेला ने ऋषभ पंत पर आरोप लगाया था कि वह होटल की लॉबी में उनका रात भर इंतजार करते रहे। इस पर ऋषभ पंत ने कहा था कि लोग मीडिया में बने रहने के लिए कुछ भी बयान देते हैं।

संघर्ष 2 के सेट पर खेसारी लाल यादव और मेघाश्री से अचानक मिलने पहुंच गए रवि किशन

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली । भोजपुरी इंडस्ट्री की सबसे बड़े बजट की भोजपुरी फिल्म 'संघर्ष 2' का दूसरा शेड्यूल यूपी के गोरखपुर में शूट हो रहा है। खेसारी को सरप्राइज देने के लिए बीजेपी सांसद और भोजपुरी इंडस्ट्री के मेगा स्टार रवि किशन भी इसके सेट पर पहुंचा गए। रवि किशन ने भोजपुरी फिल्म जगत के साथ-साथ बॉलीवुड और साउथ इंडियन इंडस्ट्री में भी अपने दमदार अभिनय से सभी को मंत्रमुग्ध कर रखा है। रवि किशन ने दिया खेसारी को सरप्राइज रवि किशन ने इस मुलाकात के बारे में कहा कि मेरे संसदीय क्षेत्र में निर्माता रतनकर कुमार की फिल्म 'संघर्ष 2' की शूट चल रही है। जिसमें इंडस्ट्री के बहुत टैलेंट अभिनेता खेसारी लाल यादव काम कर रहे हैं, तो इनसे मिलने के लिए और फिल्म की पूरी टीम को अपनी शुभकामनाएं देने के लिए यह आया हूं। आगे रवि ने कहा कि पराग पाटिल का निर्देशन बहुत ही कमाल का होगा है। वे जब भी कोई फिल्म बनाते हैं, वो सुपर डुपर हिट होती है। इसके साथ रवि किशन ने फिल्म की टीम के बारे में पराग पाटिल से जानकारी भी ली।खेसारी के बारे में बात करते हुए रवि किशन ने कहा कि, 'इनको तो आप सभी जानते हैं। इनको बना कर ऊपर वाले ने वो माला ही तोड़ दी है। अब ऐसा इंसान दोबारा न बनेगा। यह एक ही पीस हैं, एक ही इंसान है। फिल्म की शूटिंग के बारे में बात करते हुए पराग पाटिल ने बताया कि फिल्म के एक्शन सीन का सीक्वेंल चल रहा है। वही खेसारी ने रवि किशन के साथ अपना बैंकॉक का अनुभव शेयर किया कि कैसे उन्होंने बैंकॉक में समंदर के अंदर गाड़ी चलाई है। वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स चैनल जितेंद्र गुलाटी प्रस्तुत 'संघर्ष 2' में सुपरस्टार खेसारी लाल यादव, साउथ इंडियन एक्ट्रेस मेघाश्री, भोजपुरी सिनेमा जगत की सुपरहॉट एंड बोल्ड एक्ट्रेस माही श्रीवास्तव, खूबसूरत अदाकारा सबा खान, अभिनेता विनीत विशाल, नीलम वशिष्ठ, विनोद मिश्रा और समर्थ चतुर्वेदी सहित कई अन्य कलाकार हैं। निर्माता रतनकर कुमार की संघर्ष 2 एक मेगा बजट फिल्म है। फिल्म के निर्देशक पराग पाटिल, सह- निर्माता कुलदीप श्रीवास्तव कर रहे हैं।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।